

दैनिक

नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-47 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 29 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## नागपुर हिंसा में बांग्लादेश कनेक्शन! जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने वाला शख्स मुंबई से गिरफ्तार

मुंबई(आरएनएस)। मुंबई में एक बांग्लादेशी नागरिक को देश में अवैध रूप से रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने यह जांच शुरू कर दी है कि क्या वह 17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा में शामिल था। उन्होंने बताया कि क्राइम ब्रांच यूनिट II ने बुधवार को दादर से अजीजुल निजानुल रहमान (29) को हिरासत में लिया। अधिकारी ने गुरुवार को बताया, हमें संदेह है कि हिंसा के समय वह नागपुर में था।उन्होंने कहा, वह नागपुर के हसनबाग का निवासी है और कुछ दिन पहले ही दादर आया था। दिहाड़ी मजदूर रहमान ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके आधार कार्ड प्राप्त करने की बात स्वीकार की है। अधिकारी ने कहा, हम जांच के हिस्से के रूप में उसके मोबाइल फोन टावर लोकेशन की जांच कर रहे हैं। हमने अपने नागपुर समकक्षों के साथ उसकी गिरफ्तारी के बारे में जानकारी भी साझा की है।



# मुश्किल वक्त में जरूरतमंद का सहारा है संबल योजना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री ने संबल योजना अंतर्गत 23 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित की 505 करोड़ रूपए की राशि**

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी जिलों, नगर निगमों, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों को वर्चुअली किया संबोधित

भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के अलावा भी ऐसी जरूरतें होती हैं, जिनके लिए धनराशि जरूरी होती है। प्रसूति, बीमारी, दिव्यांगता और किसी अपने को खो देने जैसे मुश्किल समय में कई बार हम स्वयं को असहाय महसूस करते हैं। संबल योजना ऐसे ही मुश्किल वक्त में जरूरतमंद के आंसू पोछती है और उनको सहारा प्रदान करती है। राज्य सरकार प्रदेश के गरीब और श्रमिक वर्ग के कल्याण तथा उनका भाग्य बदलने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप अंत्योदय के कल्याण के संकल्प को प्रदेश में क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत प्रदेश के 23 हजार 162 श्रमिक परिवारों के खातों में 505 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करने के बाद परिवारों को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 5 हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद कर उनके परिजन के निधन पर संवेदनाएं प्रकट की। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल वर्चुअली शामिल हुए। प्रदेश के सभी जिलों, नगर निगमों, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के हितग्राही और जनप्रतिनिधि भी वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के श्रमिक परिवारों का अभिवादन करते हुए कहा कि परिश्रम से अपने और अपने परिवार का जीवन चलाने वाले श्रमिक ही प्रदेश के विकास की नींव हैं। परिश्रम से ही प्रतिभा निखरती है और आने वाली पीढ़ी के सुखद भविष्य का मार्ग भी बनता है। राज्य सरकार ने जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है। पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों को स्कूटी और लैपटॉप देकर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि सभी प्रदेशवासियों का जीवन बेहतर हो। हर परिवार आनंद और वैभव के साथ सभी जीवन व्यतीत करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार शुचिता- पारदर्शिता और दक्षता के साथ जनकल्याण और विकास के लिए कार्य कर रही है। संबल योजना का बैकलॉग भी समाप्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि संबल योजना में अब तक 6 लाख 58 हजार से अधिक परिवारों को 5 हजार 927 करोड़ रूपए से अधिक के हितलाभ दिए जा चुके हैं। राज्य सरकार ने गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक मानते हुए 01 मार्च 2024 से उन्हें संबल योजना में उन्हें शामिल करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयम योजना में शामिल किया गया है। श्रमिक बहनों को गर्भावस्था के समय काम पर न जाना पड़े और उन्हें पोषण भी मिलता रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने ऐसी बहनों को 16 हजार रूपए देने की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में श्रीमती अंजली रैकवार के पति के निधन पर 4 लाख रूपए तथा शेष चार हितग्राहियों को 2-2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वर्चुअली संवाद में मंदसौर की श्रीमती अंजली रैकवार ने बताया कि इस सहायता से उन्हें पर्याप्त सहारा मिला और वे अब ब्यूटी पार्लर का कार्य सीख रही हैं।




# म्यांमार-थाईलैंड में भीषण भूकंप से 100 से अधिक लोगों की मौत, चारों ओर तबाही का मंजर




बैंकॉक,(ए)। म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे आए भीषण भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। रिक्टर पैमाने पर 7.7 तीव्रता के इस भूकंप के कारण 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई और कई इमारतें जमींदोज हो गईं। बैंकॉक में आपातकाल घोषित कर दिया गया है।भूकंप का असर म्यांमार और थाईलैंड के अलावा अन्य पड़ोसी देशों में रहा। इनमें बांग्लादेश, चीन, लाओस और भारत भी शामिल हैं जिनके कुछ हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भारत के मणिपुर में 4.4 तीव्रता के झटके दर्ज किए गए। इससे लोग दहशत में आ गए हैं।

### भूकंप का केंद्र और प्रभाव

यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र म्यांमार के मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में स्थित था। भूकंप के कारण म्यांमार की राजधानी मांडले में पॉपुलर एवा ब्रिज ढह गया है। एक यूनिवर्सिटी में भीषण आग लगने से कई इमारतें जलकर खाक हो गईं हैं।

### इमारत गिरने से कई मजदूर फंसे

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भूकंप के कारण ऊंची इमारतें हिलने लगीं, जिससे लोग सड़कों पर आ गए। एक निर्माणाधीन गगनचुंबी इमारत ढहने से करीब 43 मजदूर उसमें फंस गए।

चीन-म्यांमार बॉर्डरः चीन-म्यांमार सीमा पर भी झटके महसूस किए गए।

### थाईलैंड में आपातकाल घोषित

थाई प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा ने बैंकॉक में इमरजेंसी की घोषणा की, जिससे राहत और बचाव कार्य तेजी से किया जा सके। ग्रेटर बैंकॉक क्षेत्र की ऊंची इमारतों से लोगों को सुरक्षित निकाला गया। राहत एवं बचाव दल मलबे में फंसे लोगों को निकालने में जुटे हैं। अस्पतालों में घायलों की संख्या बढ़ रही है, डॉक्टर और नर्सें आपातकालीन सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। आग बुझाने और पुनर्निर्माण कार्यों की दिशा में भी प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## गर्ल्स हॉस्टल में आग से मची अफरा-तफरी, छात्राओं ने कूदकर बचाई जान

ग्रेटर नोएडा ,(आरएनएस)। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र स्थित अन्नपूर्णा गर्ल्स हॉस्टल में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग हॉस्टल की दूसरी मंजिल पर एक कमरे में लगी थी, जिसका कारण एसी का कंप्रेसर फटना बताया जा रहा है।आग लगते ही पूरे हॉस्टल में धुआं फैल गया, जिससे छात्राओं को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कई छात्राएं घबराकर खिड़कियों से बाहर निकलने की कोशिश करने लगीं, वहीं कुछ ने जान बचाने के लिए ऊपरी मंजिल से छलांग लगा दी।छात्राओं के कूदने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## कॉमेडियन कुणाल कामरा को बड़ी राहत, शिंदे पर टिप्पणी मामले में हाईकोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

नई दिल्ली,(आरएनएस)। स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा को मद्रास हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें अग्रिम जमानत प्रदान कर दी है। यह मामला मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर की गई टिप्पणी से जुड़ा हुआ है, जिसके बाद काफी विवाद हुआ था। मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस सुंदर मोहन ने मामले की सुनवाई करते हुए कुणाल कामरा को 7 अप्रैल तक गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी है। जस्टिस मोहन ने यह भी माना कि कामरा को मिल रही धमकियों के कारण वह कोर्ट में पेश होने में असमर्थ हैं। कामरा तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के निवासी हैं। शिंदे पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की आशंका थी। इसलिए उन्होंने आज ही हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दी थी। मुंबई पुलिस पूछताछ में शामिल होने के लिए उन्हें दो बार समन भेज चुकी है।यह विवाद खार के हैबिटेट कॉमेडी क्लब में कामरा के हालिया शो से उपजा है, जहां उन्होंने एकनाथ शिंदे को निशाना बनाते हुए एक पैरोडी गीत प्रस्तुत किया था।



केंद्रीय कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले!

## मोदी सरकार ने बढ़ाया महंगाई भत्ता, जानें कितनी बढ़ेगी सैलरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को सातवें वित्त आयोग के तहत केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को अपनी मंजूरी दे दी है। सरकार की ओर से यह फैसला केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिया गया है। महंगाई भत्ते में इस बढ़ोतरी के बाद पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो जाएगा।सातवें वित्त आयोग के तहत केंद्रीय कर्मचारियों के लिए एक वर्ष में महंगाई भत्ते में दो बार बढ़ोतरी की जाती है, जो कि छमाही आधार पर की जाती है। केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में इससे पहले अक्टूबर 2024 में बढ़ोतरी की गई थी, तब महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। जिसके बाद यह 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया था।अगर किसी केंद्रीय कर्मचारी की बेसिक सैलरी 50 हजार रुपये है, तो महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी से पहले 26,500 रुपये का महंगाई भत्ता था। वहीं, अब यह बढ़कर 27,500 रुपये हो जाएगा। यानी 50 हजार की बेसिक सैलरी वाले केंद्रीय कर्मचारी की सैलरी में 1000 रुपये की बढ़ोतरी हो जाएगी।केंद्र सरकार की ओर से महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान मार्च के आखिर में किया गया है। हालांकि, केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 2 प्रतिशत की नई बढ़ोतरी 1 जनवरी 2025 से प्रभावी मानी जाएगी।



## जस्टिस यशवंत वर्मा का तबादला मंजूर, दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजे गए



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर नोटों की अधजली गड्डियां मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने उनका तबादला इलाहाबाद हाई कोर्ट करने की सिफारिश की थी। सरकार ने शुक्रवार को इस सिफारिश पर अपनी मुहर लगा दी।सरकार की मंजूरी मिलने के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट में कार्यभार संभालने के लिए कहा गया है। विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग (नियुक्ति प्रभाग) ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी।अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के साथ परामर्श के बाद, दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने का निर्णय लिया है। राष्ट्रपति ने उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पदभार संभालने का निर्देश दिया है।




## आज लगेगा साल का पहला सूर्य ग्रहण

नई दिल्ली(ए)। चैत्र अमावस्या पर साल का पहला सूर्य ग्रहण 29 मार्च को लगने जा रहा है। नासा के अनुसार, ग्रहण यूरोप, एशिया, कैरेबियन, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, मॉन्ट्रियल, क्यूबेक, दक्षिण अमेरिका और आर्कटिक के क्षेत्रों में दिखाई देगा।भारत में सूर्य ग्रहण दोपहर 2:20 बजे शुरू होगा और शाम 4:17 बजे अपने चरम पर होगा। सूर्य ग्रहण शाम 6:13 बजे समाप्त होगा। हालांकि यह ग्रहण देश में दिखाई नहीं देगा। सूतक काल धार्मिक दृष्टि से अशुभ माना जाने वाला काल है। इस दौरान शुभ कार्यों की मनाही होती है। सूर्य ग्रहण से 9 से 12 घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाता है। सूतक काल तभी लागू होता है, जब यह नजर आता है। हालांकि साल का पहला सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए सूतक काल भारत में लागू नहीं होगा। आंशिक सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। चंद्रमा की छाया देश के ऊपर से नहीं गुजरेगी, जिससे भारत में इस खगोलीय घटना को नहीं देख पाएंगे।सूर्य ग्रहण के दिन ही न्याय और दंड के देवता शनि कुंभ से निकलकर मीन राशि में प्रवेश करेंगे। इस दौरान चंद्रमा सूर्य के लगभग 93 फीसदी हिस्से को ढक लेगा।



# कठुआ में सुरक्षाबलों ने पांच आतंकवादियों को किया ढेर, सर्च ऑपरेशन जारी



जम्मू , (आरएनएस)। जम्मू, 28 मार्च (आईएएनएस) जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवाद विरोधी अभियान में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। शुक्रवार को जंगल में दो और शव बरामद किए गए, जहां वे छिपे हुए थे। वहीं, तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए, जबकि सात सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कठुआ जिले के सूफियान जखोले गांव के घाटी हाइट्स में आतंकवाद विरोधी अभियान में पांच आतंकवादी मारे गए। वहीं, जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के तीन जवान शहीद हो गए। इस ऑपरेशन में डिप्टी एसपी बॉर्डर धीरज कटोच और सेना के एक पैरा कमांडो समेत सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।घायलों को जम्मू शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डिप्टी एसपी का इलाज कठुआ के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल में चल रहा है।शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर पुलिस के वीर शहीदों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमारी मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। कठुआ में चल रही मुठभेड़ में कई आतंकवादियों को मार गिराया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बल काम पर लगे हुए हैं। ऑपरेशन जारी है। शुक्रवार तड़के सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के खिलाफ अभियान फिर से शुरू किया। रविवार को सान्याल गांव में देखे गए आतंकवादियों की संख्या और सफियान जाखोले गांव के घाटी हाइट्स में अब तक पांच आतंकवादियों के मारे जाने के तथ्य को देखते हुए यह पुष्टि होती है कि यह वही समूह है जो सान्याल गांव से भाग निकला था और घाटी हाइट्स के माध्यम से कठुआ जिले के बिलावर में घुसने की कोशिश कर रहा था।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नागरिकों ने गुरुवार सुबह सात बजे सफियान जाखोले घाटी गांव में आतंकवादियों की गतिविधि देखी और पुलिस को इसकी सूचना दी। अधिकारियों ने बताया, सूचना के बाद डिप्टी एसपी बॉर्डर धीरज कटोच के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस और एसओजी की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इस दौरान सुरक्षाबलों की आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हो गई।

## मूंग की बोवनी जल्दी करने के चक्कर में सुलग रहे खेत

### पक चुकी खड़ी फसलों को नुकसान की बन रही संभावना

नर्मदापुरम (निप्र) ।चने की कटाई हो चुकी है। गेहूं की कटाई जोरों पर है। इस समय किसानों का डेरा खेतों में बना हुआ है। 24 घंटे खेत में किसान बने हुए हैं। इसके बाद भी खेतों में आग लग रही है। जिनकी फसल कट चुकी है उनको मूंग की बोवनी जल्दी करनी है। इसलिए कई किसान चुपके से फसल कटने के बाद जो नरवाई बचती है उसे साफ करने के लिए आग लगा कर नष्ट करते हैं। जिससे कुछ ही समय में नरवाई जल जाती है। लेकिन इससे अनेक किसानों की फसलों को नुकसान की संभावना बनी रहती है। शुक्रवार को रोहना के पास एक खेत में लगी आग फसल के पास तक पहुंच चुकी थी। वह तो किसानों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया इटारसी और नर्मदापुरम से दकमल पहुंच गई। किसानों ने भी अपनी तकनीक से आग बुझाने में तत्परता दिखाई जिससे आग बुझ गई।



## विविध-समाचार

### नौकरी से निकाले गए 550 टेलीमेडिसिन कर्मचारीः बीते पांच साल से दे रहे थे सेवाएं, भुखमरी की कगार पर परिवार

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में टेलीमेडिसिन कर्मचारियों की उनके सामने गुजर बसर की समस्या खड़ी हो गई है। दरअसल, प्रदेश के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पिछले पांच वर्ष से कार्यरत 550 टेलीमेडिसिन लैब टेक्नीशियन को बिना कोई कारण बताए केवल मौखिक निर्देशों से सेवा से पृथक कर दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि नौकरी चले जाने से उनका परिवाह भुखमरी की कगार पर है।दरअसल, मध्य प्रदेश में दूर दराज गांव के लोगों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवा उपलब्ध कराने वाली अतिलोकप्रिय महत्त्वाकांक्षी योजना अकारण बंद कर दी गई। प्रदेश सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना, जिसमें सुदूर गांव देहात में रहने वाले लोगों को दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलुरू, हैदराबाद जैसे महानगरों में बैठे विशेषज्ञ डॉक्टरों का चिकित्सकीय परामर्श वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए दिलाया जाता था। ये लैब टेक्नीशियन गांव देहात के लोगों की वीडियो कॉफ्रेंसिंग कराने का काम करते थे और वीडियो कॉफ्रेंसिंग करवाने के बाद उन ग्रामीण मरीजों का चिकित्सकीय रिकॉर्ड भी संभालते थे। लैब टेक्नीशियन कर्मचारी सभी जगहों पर गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई सुनने तैयार नहीं है। ये तकनीकी शिक्षा प्राप्त अनुभवी कर्मचारी हैं। इनका उपयोग स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं में भी किया जा सकता है लेकिन कोई इनकी बात नहीं सुन रहा है।

### लक्ष्मण सिंह ने पार्टी के कामकाज पर फिर उठाए सवालः बोले- कांग्रेस के अंदर वे लोग हावी जो बीजेपी से जुड़े हुए

भोपाल (आरएनएस)। पार्टी गाइडलाइन के विपरीत बोलने और नेताओं को नसीहत देने वाले दिग्विजय सिंह के भाई और पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने कांग्रेस पार्टी के कामकाज पर एक बार फिर सवाल उठाए है। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि- पार्टी के अंदर वो लोग हावी जो बीजेपी से जुड़े हुए है।

जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि- कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने वाले लोग संगठन में हावी है। ऐसे लोगों के भरोसे जो नेता है उनका भविष्य भी खतरे में है। कहा- कांग्रेस समर्थित पंचायत प्रतिनिधि भ्रष्टाचार में लिप्त है, ऐसे प्रतिनिधि हवा देखकर बीजेपी से जुड़ जाते हैं। ऐसे लोगों से पार्टी को दूरी बनाना चाहिए इससे चुनाव में नुकसान होता है। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी में बहुत कुछ सोच समझ कर करने की आवश्यकता है? लक्ष्मण सिंह पहले भी सोशल मीडिया पर ट्वीट के माध्यम से कई बार पार्टी की नीतियों की आलोचना कर चुके हैं। अब वीडियो जारी कर बड़ा बयान दिया है।

### मकान धोकर सड़क पर पानी बहाकर गंदगी फैलाने वाले 04 मकान मालिकों पर किया 2 हजार रु. का जुर्माना

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम, भोपाल द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर नये-नये नवाचार कर भोपाल को स्वच्छता में नं. 01 बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। निगम द्वारा शहर के मुख्य मार्गों/मार्गों एवं सेन्ट्रल वर्ज/साइड वर्ज तथा ग्रीन एरिये में बेहतर साफ-सफाई कर आकर्षक पेंटिंग एवं चित्रकारी की गई है। निगम द्वारा शहर के सौन्दर्य को बिगाड़ने एवं स्वच्छता में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर की जा रही है और इसी कड़ी में स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में जोन क्र. 14 के अमले द्वारा वार्ड क्र. 60 तुलसी विहार कालोनी अवधपुरी में अपने मकानों को धोकर सड़क पर पानी फैलाकर गंदगी करने वाले 04 रहवासियों पर 02 हजार रूपये का जुर्माना किया।

जोन क्र. 14 के अंतर्गत वार्ड क्र. 60 तुलसी विहार कालोनी फेस-01 अवधपुरी के मकान नं. 46 दिलीप पुट्टी, मकान नं. 50 राजेन्द्र कुमार यादव, मकान नं. 51 दिनेश कुमार सिंह एवं मकान नं. 52 मुकेश कुमार शर्मा द्वारा अपने मकानों को धोकर गंदा पानी सड़क पर बहाने व गंदगी फैलाने वालों को बार-बार समझाइश देने के बाद भी पुनः पानी बहाकर गंदगी फैलाने पर सख्ती से कार्यवाही करते हुए 500 रूपये प्रति व्यक्ति जुर्माना किया गया तथा उन्हें भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने की सख्त चेतावनी भी दी गई।

### अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया ई-आफिस प्रणाली का प्रशिक्षण

भोपाल (आरएनएस)।शासन द्वारा समस्त शासकीय विभागों में ई-आफिस प्रणाली को लागू किया जाना है। ई-आफिस का प्रशिक्षण निरंतर जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी अंतर्गत निर्मित ई-दक्ष केंद्र भोपाल में दिया जा रहा है। इससे आधुनिक तकनीकी का उपयोग करके कार्यालयों का संचालन किया जा सकेगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन ई-दक्ष केंद्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक रिंकेश जैन एवं प्रशिक्षक अमित सराठे द्वारा किया जा रहा हैं। जिले में ई- ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर भोपाल के निर्देशानुसार जिला स्तर पर स्थित कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभाग जैसे सामाजिक न्याय , खनिज संसाधन, सहकारिता विभाग, जिला लोक अभियोजन कार्यालय, परिवहन, खेल और युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, योजना आर्थिक एवं सांख्यकी, महिला एवं बाल विकास भोपाल, उद्यानिकी, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं।

# प्रदेश के विश्वविद्यालय निरंतर बन रहे हैं सशक्त -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज आरंभ करें, अस्पताल की व्यवस्था करेगी सरकार

## आर्थिक सशक्तिकरण के लिये डेयरी टेक्नोलॉजी, कृषि जैसे रोजगारोन्मुखी नए कोर्स करें विश्वविद्यालय शुरू



भोपाल ( निप्र )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के विश्वविद्यालय निरंतर सशक्त बन रहे हैं। आने वाले समय में सभी विश्वविद्यालय आर्थिक रूप से समर्थ और सक्षम होंगे। परंपरागत संकायों के साथ-साथ वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप कोर्सेज संचालित करने के लिए विश्वविद्यालयों को प्रेरित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय अपने-अपने क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज आरंभ करें, राज्य सरकार अस्पतालों को उनके साथ संबद्ध करने की व्यवस्था करेगी। इन अस्पतालों के वेतन-भत्तों का भार राज्य सरकार वहन करेगी, विश्वविद्यालय पठन-पाठन-परीक्षा आदि की व्यवस्था करेंगे और परीक्षा की फीस का उपयोग मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय के संचालक-प्रबंधन और विस्तार में किया जा सकेगा। डेयरी टेक्नोलॉजी, कृषि जैसे व्यावसायिक दक्षता के कोर्सेज सहित सभी संकाय विश्वविद्यालय अपने क्षेत्र में संचालित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश विश्वविद्यालयीन संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के ज्ञान विज्ञान भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनधारकों के हितों का ध्यान रखते हुए आगे बढ़ रही है। प्रदेश के शासकीय विश्वद्यालयों के कर्मचारी एवं पेंशनर्स भी वेतन एवं भत्तों में वृद्धि से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब निजी और शासकीय केवल दो श्रेणियों के विश्वविद्यालय हैं। सरकार उच्च शिक्षा को नए आयाम देने के लिए नवाचारों के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए नए-नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत कर रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व में प्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए प्रदेशवासी प्रतिबद्ध हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन्मदिवस की शुभेच्छाओं एवं अभिनंदन के लिए विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं पेंशनधारकों का आभार माना और सभागार में उपस्थित सभी लोगों को वर्ष प्रतिपदा गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शासकीय विश्वविद्यालयों की दो पेंशनर्स समितियों को एक-एक लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कर्मचारियों के कल्याण के लिए राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ सक्रिय है। राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित में कई निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश के सभी शासकीय विश्वविद्यालयों के पेंशनर्स, अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और इनसे संबंधित सभी संघों ने सामूहिक रूप से सम्मान और अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मध्यप्रदेश विश्वविद्यालयीन संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा वृहद पुष्पहार, अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। अभिनंदन समारोह में मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कड़ैल, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एस.के जैन, कुल सचिव प्रो. मंसूरी, प्रो. कालिका यादव, प्रो. गोपाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

# निजी हॉस्पिटल में तोड़फोड़ करने वालों की जांच के बाद होगी गिरफ्तारी



### -एडवांस मांगने पर अटेंडर को सुपरवाइजर ने गालियां देकर भगा दिया था

भोपाल(ए)। शहर के गोविंदपुरा थाना में स्थित सेनरजी मल्टी अस्पताल में हुए हंगामें और तोड़फोड़ की घटना में पुलिस जांच जारी है, और जांच के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी। यह झगड़ा यहॉ काम करने वाले एक अटेंडर के एडवांस रकम मांगने की बात पर शुरू हुआ था। अटेंडर को पहले तो सुपरवाइजर ने गाली-गलौज कर भगा दिया। बाद में अटेंडर अपने तीन साथियों के साथ वापस अस्पताल पहुंचा और हंगामा मचाते हुए टीवी, अस्पताल के शीशे समेत अन्य सामान तोड़फोड़ दिया। घटना में पुलिस ने दोनो पक्षो की शिकायत पर अलग-अलग धाराओं में काउंटर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस दोनो पक्षो के बयान दर्ज करने के साथ ही अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थाना पुलिस के अनुसार पहले पक्ष की तरफ से सूनील बागमारे पिता देवी प्रसाद बागमारे (35) ने अपनी शिकायत में बताया की वह शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित बाजपेयी नगर में रहता है, और साकेत नगर स्थित सेनरजी मल्टी अस्पताल में सुपरवाइजर हैं।

# 74,697 किसानों से 5 लाख 80 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूँ खरीदी : खाद्य मंत्री श्री राजपूत



### 757 करोड़ 36 लाख रूपये का हुआ भुगतान

भोपाल (ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अभी तक 74697 किसानों से 5 लाख 80 हजार 711 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक 757 करोड़ 36 लाख रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। जिला उज्जैन में एक लाख 19 हजार 535, सीहोर में 83735, देवास में 60456, शाजापुर में 60282, इंदौर में 42765, भोपाल में 38640, राजगढ़ में 36457, मंदसौर 25292, आगर मालवा में 23604, धार में 20564, विदिशा में 19593, हरदा में 13451, खण्डवा में 11082, रतलाम में 10857, नीमच में 3351, नर्मदापुरम में 3307, झाबुआ में 2965, रायसेन में 2708, बैतूल में 1000, दमोह में 460, खरगौन में 329, गुना में 252, सागर में 22 और अलीराजपुर में 4 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। इस वर्ष अभी तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिये 13 लाख 98 हजार किसानों ने पंजीयन करवाया है। पंजीयन की अंतिम तारीख 31 मार्च है।

### जिला पंचायत, भोपाल की साधारण सभा सामान्य प्रशासन समिति की बैठक संपन्न

भोपाल (आरएनएस)। गुरूवार को जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुंवर गुर्जर की अध्यक्षता में जिला पंचायत, भोपाल की साधारण की बैठक का आयोजन जिला पंचायत, सभागार में किया गया है।सर्वप्रथम सामान्य प्रशासन समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत की समस्त योजनाओं एवं उनसे संबंधित आय-व्यय की समीक्षा की गई। तत्पश्चात दोपहर साधारण सभा की बैठक आयोजित हई। बैठक में पूर्व की बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। चर्चा उपरांत सम्बन्धित विभाग प्रमुख द्वारा योजनाओं का विस्तृत प्रजेण्टेशन जनप्रतिनिधिगणों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी इला तिवारी द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए पानी की व्यवस्था किये जाने के लिए निर्देशित किया। सदस्यगण द्वारा बंद पडी नल-जल योजनाओं को शीघ्र प्रारंभ करने एवं पाईप लाईन बिछाने के कारण क्षतिग्रस्त सडकों को ठीक कराये जाने के लिए अवगत कराया गया, जिसमें सीईओ जिला पंचायत द्वारा कार्यपालन यंत्री को उक?त कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# फर्जी कॉल सेंटर मामले में रिश्वत लेते धराये एएसआई पवन की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल में पकड़ाये फर्जी कॉल सेंटर के आरोपियों को बचाने के लिए रिश्वत लेने वाले मुख्य आरोपी सस्पेंड और अब फरार एएसआई पवन सिंह रघुवंशी की अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। उल्लेखनीय है कि फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ होने पर मामले में पवन रघुवंशी ने फर्जी कॉल सेंटर के आरोपी अफजल खॉन और मोइन खॉन को बचाने के लिए 4 लाख 95 हजार रुपए की ?रिश्वत ली थी। फरार आरोपी पवव रघुवंशी की ओर से प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम प्रताप मिश्र की कोर्ट में अग्रिम जमानत आवेदन पेश किया गया था। पवन की ओर से वकील द्वारा तर्क पेश किया गया था, की परिवार में वही एक कमाने वाला है, इसलिये उसे अग्रिम जमानत का लाभ दिया जाए। लेकिन पुलिस की और से जमानत का विरोध करते हुए कहा गया कि फरार आरोपियों की कॉल डिटेल और बैंक खातों की जांच के साथ ही कई अन्य बिंदुओं पर जांच जारी है, ऐसे में



आरोपी को जमानत का लाभ देना उचित नहीं होगा। सुनवाई पूरी होने पर कोर्ट ने उस पर दर्ज अपराध को गंभीर मानते हुए अग्रिम जमानत का लाभ देने से इनकार कर दिया। अब फरार एएसआई के पास के पास हाईकोर्ट जाने का ही एकमात्र रास्ता बचा है। वहीं अफसरो का कहना है की पुलिस टीमें लगातार सभी फरार आरोपी पुलिसकर्मियों की तलाश कर रही हैं। वहीं मामले में टीकमगढ़ के पार्षद अंशुल उर्फ मोना जैन, बीजेपी नेता मोइन खान भी फरार हैं।

*पुलिस की हिरासत से फरार हुआ था पवन

मामले मे पहले कोर्ट में एसीपी के प्रतिवेदन से साफ हो चुका है, कि पवन को हिरासत में लिया जा चुका था। इसके बाद वह फरार हुआ है, हालांकि पुलिस की ओर से हिरासत से भागने का प्रकरण उसके खिलाफ दर्ज नहीं कराया गया। जिन अधिकारी-कर्मचारियों की हिरासत से वह भागा, उनकी जिम्मेदारी भी तय नहीं की गई है। कोर्ट की ऑर्डरशीट में भी इस बात का जिक्र है, कि हिरासत में लिए जाने के बाद पुलिस ने यह स्पष्ट नहीं किया है, कि पवन को जमानत पर छोड़ा गया अथवा उसे गिरफ्तार किया गया है।

*बैंक खाते और कॉल डिटेल खंगाल रही पुलिस

फर्जी कॉल सेंटर के कर्मचारियों के करीब 50 खातों की जानकारी पुलिस को मिली थी।

# आरईसी ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को सौंपा ट्रांसमिशन एसपीव्ही

### 1230 मेगावॉट विद्युत पारेषण के लिये मध्यप्रदेश में बनेंगे दो 400 के.व्ही. के सब-स्टेशन

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश को आगामी दो से तीन वर्षों में दो चरणों में 1230 मेगावॉट विद्युत की अतिरिक्त उपलब्धता रहेगी। इसके लिये बिजली कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में आरईसी ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को ट्रांसमिशन एसपीव्ही सौंपा। इस परियोजना के तहत मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड के बंधौरा (सिंगरौली) पॉवर जनरेटिंग प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी के लिये ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार किया जाना है।

### पारेषण अद्योसंरचना होगी विस्तारित

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने 1230 मेगावॉट विद्युत प्रदाय हेतु मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड से पॉवर परचेस अनुबंध किया था। मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड द्वारा 2-800 मेगावॉट क्षमता के पॉवर जनरेटिंग प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। पॉवर प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230



मेगावॉट विद्युत निकासी हेतु नियामक आयोग के विनियमानुसार टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली प्रक्रिया के अंतर्गत पारेषण अधोसंरचना के विस्तार हेतु मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी/एस.टी.यू. से अनुरोध किया गया था। शासन ने निविदा प्रक्रिया समन्वयक (बी.पी.सी.) के लिये आर.ई.सी.पी.डी.सी.एल. (आरईसी पॉवर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड) को नियुक्त किया।

टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली (टीबीसीबी) में मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 2000 करोड़ रूपये की इस परियोजना को अन्य बिडर्स के मध्य न्यूनतम दर के आधार पर हासिल करने में सफलता प्राप्त की।

### पारेषण सेवा अनुबंध हस्ताक्षरित

श्री चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि वैधानिक औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी एवं मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के मध्य पारेषण सेवा अनुबंध (ट्रांसमिशन सर्विस एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित हुये, जिसके तहत टी.बी.सी.बी. में 400 के.व्ही., 220 के.व्ही. एवं 132 के.व्ही. की विभिन्न ट्रांसमिशन लाइनों सहित दो 400 के.व्ही. के सब-स्टेशन रीवा (सगरा) एवं अमरपाटन (मैहर) में स्थापित किये जाने है।

### सनी लियोनी की फिल्म के लिए भोपाल आए मेकअप आर्टिस्ट की संदिग्ध मौत, होटल के बाथरूम में मिला शव, जताई जा रही ये आशंका

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक बेहद ही हैरान करने वाली घटना सामने आई है। जहां एक मेकअप आर्टिस्ट की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मेकअप आर्टिस्ट सलीम बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोन की फिल्म की शूटिंग के लिए मुंबई से भोपाल आया था। जहां एक होटल में एक अन्य साथी के साथ रुका हुआ था। उसके साथी ने बाथरूम में देर रात मेकअप आर्टिस्ट का शव पड़ा हुआ देखा। जानकारी के मुताबिक घटना एमपी नगर थाना क्षेत्र की है। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अंदेशा जाहिर कर रही है कि मेकअप आर्टिस्ट की मौत साइलेंट अटैक से हुई होगी। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के सामने आने के बाद ही मौत की असल वजह पता चल पाएगी। फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



भोपाल में होनी थी फिल्म की शूटिंग

जानकारी के मुताबिक यहां बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोन की फिल्म की शूटिंग होनी थी, जिसके लिए पूरी टीम राजधानी आई हुई थी। मेकअप आर्टिस्ट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर ने सभी को हैरान कर दिया है। पुलिस ने बताया कि सलीम एक अन्य सदस्य के साथ होटल में ठहरा हुआ था, जहां से उसका शव बरामद हुआ।

## आवासीय वर्कशॉप में बताया मौन से आत्म पोषण एवं आत्म संवर्धन होता है

### राज्य आनंद संस्थान ने किया ग्वालियर, मुरैना व भिण्ड जिले के शासकीय सेवकों के लिये वर्कशॉप का आयोजन



ग्वालियर (ए.) । राज्य आनंद संस्थान द्वारा ग्वालियर, मुरैना एवं भिंड जिले के विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों के साथ आवासीय वर्कशॉप सह आनंदम सहयोगी मूलभूत प्रशिक्षण का आयोजन भारतीय पर्यटन यात्रा प्रबंधन संस्थान ग्वालियर में किया गया। कार्यक्रम में 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस वर्कशॉप में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विभिन्न टूल्स के माध्यम से स्वयं से जुड़कर, स्वयं को जानने और ईमानदारी से शांतिमय, आनन्दमय जीवन जीने की प्रक्रिया को अपने अनुभवों के द्वारा समझाया गया। साथ ही स्वयं की गहरी समझ बढ़ाने के लिए स्वयं को जानने के अभ्यास, आत्मपोषण एवं शांत समय के द्वारा कराए गए। कार्यक्रम में हेमंत त्रिवेदी, डॉ रूपा आनंद, प्रेमांजलि त्रिवेदी, अंशुमान शर्मा, केके बुटोलिया इत्यादि मास्टर ट्रेनर्स ने विभिन्न सत्रों का संचालन किया। मास्टर ट्रेनर भारती शाक्य, गजेंद्र सरकार, आनंदम सहयोगी,रेशमा बानो हाशमी,डॉ रेखा श्रीवास्तव ने विशेष सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम के सत्र में जिला आयुष अधिकारी डॉ मंगल सिंह यादव, डॉ चंद्रशेखर बरुआ, इंजी.अवधेश कुमार शर्मा उपस्थित रहकर अंतिम दिवस पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।सभी प्रतिभागियों ने फीडबैक देते हुए अपने अनुभवों को साझा किया।

# तांत्रिक ने किया बलात्कार

### तंत्र-मंत्र के बहाने कमरे में ले गया आरोपी, बाहर चूने के गोले में बैठकर भूत निकलने का इंतजार करते रहे परिजन



रीवा (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के रीवा में तंत्र-मंत्र के नाम पर युवती से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता के परिजनों को जाल में फंसाकर घिनौनी हरकत को अंजाम दिया है। घटना सोहागी थाना क्षेत्र की है।

**तंत्र-मंत्र के बहाने घर पहुंचा आरोपी**

दरअसल, 20 वर्षीय युवती कई दिनों से बीमार चल रही थी। जिसे परिजनों ने बीते रविवार को समरेंद्र नाम के तांत्रिक को दिखाया। आरोपी ने झाड़-फूंक का बहाना बताकर उसे ठीक करने की बात कही और उसके घर पहुंच गया। आरोपी ने परिजनों को एक चूने का गोला बनाकर उसमे बैठा दिया।

**बाहर आए तो प्रेत बाधा जकड़ लेगी'**

आरोपी ने परिजनों के कहा कि अगर वे गोले के बाहर आए तो प्रेत बाधा उन्हें चपेट में ले लेगी। इसके बाद लड़की को तंत्र क्रिया करने के नाम पर कमरे में लेकर चला गया। जहां भूत निकालने के नाम पर उसके साथ दुष्कर्म किया।

युवती से दुष्कर्म के बाद आरोपी तांत्रिक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। सभी ने थाने पहुंचकर तांत्रिक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश में दबिश दी, जिसके कुछ देर बाद उसे गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## डिजिटल ठगों की नई चालः आइस्क्रीम दुकानदार से ऑनलाइन धोखाधड़ी, क्यूआर कोड स्कैन करते ही अकाउंट से कट गए पैसे

बड़वानी (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में ऑनलाइन ठगी के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। ठग नए-नए तरीकों से लोगों को ठग रहे हैं। एक बार फिर एमपी के बड़वानी से ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां साइबर ठगों ने एक आइस्क्रीम दुकानदार को अपना शिकार बनाया है। और 7560 रुपए की ठगी की। मामला जेमन कॉलोनी का है। जहां आइस्क्रीम की दुकान और कारखाना चलाने वाले विनोद व्यास के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई है। जानकारी के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर 200 आइस्क्रीम की बुकिंग करवाई। जिसमें उसने डिलीवरी की जगह कारंजा चौराहे के पास स्थित गर्ल्स स्कूल बताया। इसके थोड़ी देर बाद ठग ने खुद को सेना का कर्नल बताते हुए वीडियो कॉल किया। ठग ने दुकानदार को क्यूआर कोड भेजकर 7,560 रुपए का भुगतान करने को कहा। पहले विश्वास दिलाने के लिए दुकानदार से 15 रुपए स्कैन करवाए, जो तुरंत उनके खाते में आ गए। इससे दुकानदार को विश्वास हो गया। लेकिन जब दुकानदार ने पूरी राशि के लिए क्यूआर कोड स्कैन किया, तो उनके खाते से पैसे कट गए। इस तरह ठगों ने नए तरीके से साइबर फ्रॉड को अंजाम दिया। पूरे मामले में पीड़ित ने साइबर सेल और पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है।

## दो सहेलियों का इश्क चढ़ा परवान, घर से भागकर की समलैंगिक शादी, सास ने कराया गृह प्रवेश

छतरपुर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के छतरपुर में दो सहेलियों की शादी चर्चा में है। यहां दो लड़कियों के बीच आपस में प्यार ऐसा परवान चढ़ा कि उन्होंने घर से भागकर शादी रचा ली। लेकिन हैरानी की बात तो यह थी कि परिजनों ने इसका विरोध बिलकुल नहीं किया। बल्कि लड़की को दिल से अपनाकर पूरे विधि विधान से उसका गृह प्रवेश कराया।

**इंस्टाग्राम में सहेलियों को हुआ प्यार**

दरअसल, नौगांव थाना क्षेत्र के दौरिया की रहने वाली सोनम यादव की दोस्ती असम की अलका वर्मन से तीन साल पहले हुई थी। इंस्टाग्राम मे हुई दोस्ती इस कदर बढी कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। लेकिन समाज को उनका प्यार स्वीकार नहीं था। जिसके बाद सोनम अचानक गायब हो गई।

## दो युवतियों ने एक ही रस्सी से फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

अलीराजपुर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पेड़ पर दो युवतियों को फांसी के फंदे पर झूलता देखा। मामले की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। इसके बाद दोनों युवतियों के शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ में जुटी है। घटना जोबट थाना क्षेत्र के डेकाकुंड ग्राम की है। जहां दो युवतियों ने एक ही रस्सी से फांसी लगाकर की आत्महत्या कर ली। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। इसके बाद दोनों शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# विपक्ष ज्ञापन देकर भूला, स्मार्ट मीटर लगाने पर बन रही विवाद की स्थिति



बुरहानपुर (ए.) । पच्छिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी उपभोक्तओं के विद्युत संयोजन पर उपभोक्ता को बिना सूचना दिए नए मीटर लगाने का काम कर रहा है, जिस पर विवाद की स्थिति बनने पर कंपनी पुलिस का डर बताकर उपभोक्ताओं को डरा रही है, देश भर में स्मार्ट मीटर के विरोध का कांग्रेस ने भी इस का विरोध कर ज्ञापन दिया था लेकिन इस के बाद वह कुम्भकरण की नींद सो गई है। शहर भर में मीटर को लेकर विवाद की स्थिति बन रही है जिसे कंपनी के अफसर पुलिस का डर बताकर उपभोक्ता को चुपकर मन मर्जी से काम कर रही है। कंपनी स्मार्ट मीटर लगाने से पहले उपभोक्ता को सूचना क्युं नही करना चाहती यह समझ से परे है, जब कि कंपनी के पास उपभोक्ताओं के मोबाईल और वाटसअप नंबर है जिन पर वह उपभोक्ता को सूचित कर सकती है परंतु ऐसा कर वह उपभोक्ताओं का विश्वास क्युं नही जीतना चाहती यह समझ से परे है। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि वह घर पर नही होने और ताला डला होने पर भी उपभोक्ता के विद्युत संयोजन पर मीटर लगाने का कार्य कर रही है, इस पूरे मामले पर विपक्षी पार्टी कांग्रेस पूरी तरहां खामोश है उसकी तरफ से उपभोक्ताओं के पक्ष में कुच्छ भी नही बोला जा रहा है, ईद और नवरात्री पर्व सामने है इस को लेकर पुलिस और जिला प्रशासन शांति मार्च निकालकर लोगों से अमन चैन बनाए रखने की अपील कर रही है।

वहीं विद्युत वितरण कंपनी जबरन उपभोक्ता की बिना सूचना दिए मीटर लगा रही है जिस के चलते विवाद सामने आ रहे है अगर यह विवाद बढकर सामने आऐ और खुराफाती असमाजिक तत्वों ने हवा दी तो शहर का अमन चैन खतरे में पड सकता है इस का जवाबदार कौन----?



## कार्यवाही में 42 हजार रूपये की मदिरा जब्त

जबलपुर (ए.)। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन आज अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय,संग्रहण एवं परिवहन प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिये सहायक आबकारी आयुक्त जबलपुर संजीव दुबे व आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी परमानंद कोरचे के नेतृत्व में बड़ी कार्यवाही की गई। जिसमें ओमती थाना अंतर्गत मढ़ाताल के पास मदिरा के अवैध परिवहन की सूचना पर दबिश दी गई एवं मौके से 116.35 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बियर बरामद की गई। जिस पर म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जब्त मदिरा का कुल मूल्य लगभग 42260 रूपये है एवं जप्त वाहन का मूल्य लगभग 3 लाख रुपए है। इस सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक रवीन्द्र जैन , आशीष जैन, सोनाली गुप्ता एवं आबकारी मुख्य आरक्षक एवं आरक्षक उपस्थित रहे।

## व्यापार समाचार

# भारत का एक्सप्रेस पार्सल बाजार तेजी से बढ़ रहा आगे, 2030 तक लॉजिस्टिक्स सेक्टर में 24-29 बिलियन शिपमेंट की उम्मीद



बेंगलुरु( आरएनएस)। भारत का एक्सप्रेस पार्सल बाजार तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है, जो वित्त वर्ष 2030 तक लॉजिस्टिक्स सेक्टर में 24-29 बिलियन शिपमेंट जोड़ देगा। शुक्रवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यह वित्त वर्ष 2024 के 8-9 बिलियन शिपमेंट के पैमाने से 19-23 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) होने की संभावना है।

रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में, बाजार के 10-11 बिलियन शिपमेंट तक पहुंचने का अनुमान है, जिसे ई-कॉमर्स सेक्टर, विशेष रूप से नॉन-हॉरिजोंटल और हाइपरलोकल/क्विक कॉमर्स के उदय के कारण बढ़ावा मिलेगा।वित्त वर्ष 2025 में एक्सप्रेस पार्सल बाजार में ई-कॉमर्स (हाइपरलोकल को छोड़कर) का हिस्सा 50 प्रतिशत से अधिक था, जिसमें लगभग 4.8-5.5 बिलियन शिपमेंट थे। वित्त वर्ष 2030 तक इसके 15-16 बिलियन शिपमेंट तक बढ़ने की उम्मीद है, जो उस समय तक एक्सप्रेस पार्सल बाजार में 55-60 प्रतिशत का योगदान देगा।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत का एक्सप्रेस पार्सल बाजार पारंपरिक कूरियर से ई-कॉमर्स और हाइपरलोकल शिपमेंट की ओर बढ़ रहा है, जो डिजिटल अपनाने और शहरीकरण की वजह से बढ़ रहा है।रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स के पार्टनर मृगांक गुटगुटिया ने कहा, लोग अब तेज़, अधिक सुविधाजनक डिलीवरी की उम्मीद करते हैं, जो ई-कॉमर्स और हाइपरलोकल शिपमेंट में उछाल ला रहा है, जबकि पारंपरिक पार्सल बहुत धीमी गति से बढ़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि ई-कॉमर्स में उछाल के कारण वित्त वर्ष 2020-30 के बीच एक्सप्रेस पार्सल की मात्रा में शानदार वृद्धि होने की संभावना है, एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स प्लेयर्स को आगे रहने और तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स और हाइपरलोकल अवसर परिदृश्य का लाभ उठाने के लिए अपनी रणनीतियों को फिर से संगठित करने की जरूरत है।क्विक कॉमर्स सबसे तेजी से बढ़ने वाले सेगमेंट के रूप में उभरा है, जिसने वित्त वर्ष 2024 और वित्त वर्ष 2025 में कुल एक्सप्रेस पार्सल बाजार में 7-10 प्रतिशत का योगदान दिया।रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 से वित्त वर्ष 2030 तक इसके 33-50 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है।ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग, फार्मेसी डिलीवरी और हाइपरलोकल सीटूसी शिपमेंट से वित्त वर्ष 2030 तक कुल शिपमेंट वॉल्यूम का 13 प्रतिशत हिस्सा बनने की उम्मीद है, लेकिन क्विक कॉमर्स की तुलना में इसकी समग्र वृद्धि दर धीमी रहेगी। वित्त वर्ष 2025 में एक्सप्रेस पार्सल बाजार में पारंपरिक कूरियर सेगमेंट की हिस्सेदारी 17 प्रतिशत (2 बिलियन पार्सल) रही और वित्त वर्ष 2030 तक इसके 7 प्रतिशत सीएजीआर की दर से बढ़ने का अनुमान है।

## डॉलर के मुकाबले रुपये ने दिखाया दम, मार्च में दर्ज की 6 वर्षों की सबसे बड़ी तेजी

नई दिल्ली (आरएनएस)। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में तेजी जारी है। मार्च में अब तक अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया 2 प्रतिशत से अधिक बढ़ चुका है। यह नवंबर 2018 के बाद स्वदेशी मुद्रा का अब तक का सबसे अच्छा मासिक प्रदर्शन है।डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी की वजह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार में खरीदारी करना और डॉलर इंडेक्स में कमजोरी को माना जा रहा है।फरवरी में वैश्विक अस्थिरता और डॉलर इंडेक्स के मजबूत होने के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड लो 87.95 पर पहुंच गया था। तब से रुपये में एक मजबूत रिकवरी देखने को मिली है। मौजूदा समय में, डॉलर के मुकाबले रुपया 85.58 पर है। रुपये में तेजी की वजह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) द्वारा भारतीय शेयर बाजार में खरीदारी करना है। गुरुवार के कारोबारी सत्र में एफपीआई ने करीब 1.2 अरब डॉलर का निवेश भारतीय इक्विटी बाजार में किया। वहीं, बीते छह कारोबारी सत्र में एफपीआई 6 अरब डॉलर से अधिक की इक्विटी खरीद चुके हैं।

## एमएसपी से नीचे नहीं खरीदी जाएं फसलें, शिवराज सिंह चौहान ने राज्य सरकारों से किया आग्रह

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए केंद्र द्वारा घोषित एमएसपी से कम कीमत पर कृषि उपज की खरीद न हो।

उन्होंने कहा कि अगले चार वर्षों (2028-29) तक तुअर (अरहर), उड़द और मसूर की उपज का 100 प्रतिशत एमएसपी पर खरीदा जाएगा, जिससे किसानों को अधिक आय सुनिश्चित हो सके और देश दालों में आत्मनिर्भरता हासिल कर सके।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसान हितैषी मोदी सरकार ने किसानों की बेहतरी के लिए लगातार काम करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से उपज खरीदने की घोषणा की है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खरीफ 2024-25 सीजन के दौरान एमएसपी के तहत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश सहित राज्यों में तुअर (अरहर) की खरीद को मंजूरी दे दी गई है। इसके साथ ही किसानों के हित में कर्नाटक ने खरीद अवधि को 30 दिन बढ़ाकर 1 मई करने को भी मंजूरी दे दी है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से एमएसपी पर खरीद जारी है और 25 मार्च 2025 तक इन राज्यों में कुल 2.46 लाख मीट्रिक टन तुअर (अरहर) की खरीद की जा चुकी है, जिससे इन राज्यों के 1,71,569 किसान लाभान्वित हुए हैं।

## आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार कर रहा देश का कोयला क्षेत्र, 40,900 करोड़ का निवेश और चार लाख से ज्यादा रोजगार का सृजन

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, देश का कोयला क्षेत्र 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 11 दौर में 125 कोयला खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है। इससे लगभग 40,900 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ है और 4 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं।कोयला मंत्रालय ने घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने और भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के अपने निरंतर प्रयासों में अब वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी की 12वीं किस्त शुरू की है।

केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि 12वीं किस्त के साथ, अतिरिक्त 28 कोयला और लिग्नाइट ब्लॉकों की नीलामी की जा रही है, जिससे आयातित कोयले पर भारत की निर्भरता कम होगी और विदेशी मुद्रा का संरक्षण होगा। मंत्री ने कहा, नीलामी की पारदर्शी प्रक्रिया ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है, जिससे सार्वजनिक क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों को प्राइवेट प्लेयर्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित किया गया है, परिणामस्वरूप अधिक दक्षता, सुधार को बढ़ावा मिला है। यह बदलाव भारत के कोयला क्षेत्र की वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता को भी बढ़ाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।केंद्रीय मंत्री ने सभी हितधारकों और इंडस्ट्री प्लेयर्स को नीलामी के 12वें चरण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे ऊर्जा-सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सामूहिक जिम्मेदारी को साथ मिलकर पूरा किया जा सके।अपने संबोधन में, केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री, सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि भारत ने 1 बिलियन टन कोयला उत्पादन को पार कर लिया है, वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 12वें दौर का शुभारंभ ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## भारत का चिप बाजार 2030 तक 100 बिलियन डॉलर को कर जाएगा पार : केंद्र

नई दिल्ली ( आरएनएस)। सेमीकंडक्टर डिजाइन में कुल वर्कफोर्स का करीब 20 प्रतिशत भारत में है और देश की चिप मांग वर्तमान में 45-50 बिलियन डॉलर है, जो 2030 तक 100-110 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह जानकारी केंद्र सरकार ने दी है।एमईआईटीवाई के सचिव एस. कृष्णन ने इस लक्ष्य का प्राप्त करने के लिए, इनोवेशन और टैलेंट डेवलपमेंट को बढ़ावा देते हुए नैनो सेंटर की भूमिका पर प्रकाश डाला, जो 85 हजार प्रोफेशनल का सेमीकंडक्टर रेडी वर्कफोर्स तैयार कर रहे हैं। आईआईएससी बेंगलुरु के नेशनल साइंस सेमिनार कॉम्प्लेक्स में पहले 'नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स रोड शो' में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कार्यक्रम मंत्रालय और सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने का प्रतीक है, जिसमें सरकार भारत के तकनीकी और औद्योगिक भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभार रही है।कृष्णन ने उपस्थित लोगों से कहा, मंत्रालय का मुख्य ध्यान भारत सेमीकंडक्टर मिशन को आगे बढ़ाने के लिए सभी अलग-अलग प्रयासों को एक साथ लाना है, जो दुनिया के सबसे व्यापक सब्सिडी और अनुदान कार्यक्रमों में से एक है।प्रमुख सेमीकंडक्टर सुविधाओं में लगभग 70-75 प्रतिशत निवेश करदाताओं के पैसे से आता है, इसलिए प्रत्येक भारतीय इस मिशन में एक हितधारक है।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई (ए)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दिन दिन-भर उतार-चढ़ाव बना रहा। अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 191.51 अंक करीब 0.25 फीसदी नीचे आकर 77,414.92 अंकों पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 72.60 अंक तकरीबन 0.31फीसदी टूटकर 23,519.35 अंकों पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स 77,766.70 अंकों के उच्च स्तर से लेकर 77,185.62 अंकों के निचले स्तर तक पहुंचा।

## यूआईडीएआई, आईआईआईटी-एच ने शुरू किया बायोमेट्रिक चैलेंज, 7.7 लाख रुपये का दिया जाएगा पुरस्कार




नई दिल्ली (आरएनएस)। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आईआईआईटी-हैदराबाद के साथ मिलकर बायोमेट्रिक एल्गोरिदम में फिंगरप्रिंट-बेस्ड ऑथेंटिकेशन सॉल्यूशन को टेस्ट करने के लिए बड़े पैमाने पर एक प्रतियोगिता शुरू की है।इस प्रतियोगिता में ग्लोबल रिसर्चर्स और डेवलपर्स को वास्तविक दुनिया से जुड़ी स्थितियों में सटीक सुधार के लिए यूआईडीएआई के यूनिक फिल्ड-कलेक्टेड डेटासेट का इस्तेमाल कर उनके बायोमेट्रिक मॉडल को बेहतर बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है।बायोमेट्रिक एसडीके बेंचमार्किंग चुनौती का पहला चरण फिंगरप्रिंट ऑथेंटिकेशन से जुड़ा है। इसमें 5-10 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 1:1 मिलान एल्गोरिदम का टेस्ट करने की बात कही गई है, जिसमें 5-10 वर्ष के बाद अपडेट किए जाएंगे।

इस प्रतियोगिता से प्रतिभागियों को अपने एल्गोरिदम के प्रदर्शन को समझने में मदद मिलेगी ङ्क जिसका मूल्यांकन एक सुरक्षित यूआईडीएआई सैंडबॉक्स के भीतर एक बड़े बायोमेट्रिक डेटासेट के आधार पर किया जाएगा।

मंत्रालय ने कहा, यूआईडीएआई यह सुनिश्चित करता है कि प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सबमिशन का सुरक्षित तरीके से मूल्यांकन किया जाए, जिसमें डेटासेट को छुपा रखा जाए और प्रतिभागियों के साथ डेटा साझा न किया जाए।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## शाति की संभावना अनिश्चितता

जनवरी में हुए युद्ध विराम से लगने लगा था कि शायद कोई ऐसा मजबूत समझौता हो जाएगा जिससे मध्य-पूर्व की स्थिति में लंबे समय से सामने आ रहा तबाही का मंजर बदल जाएगा और फिलिस्तीनियों को अपने आपको फिर से खड़ा करने के लिए थोड़ी राहत मिलेगी।

लेकिन गाजा पट्टी में इजरायल के अचानक हुए हमले में एक बार फिर शांति की संभावनाओं को अनिश्चितता की ओर धकेल दिया है। हमले में चार सौ लोगों के मारे जाने का समाचार है जिनमें बड़ी संख्या में औरतें और बच्चे भी हैं। वैसे तो युद्ध का अपना तर्क होता है कि बम और गोलियां चाहे जिस ओर से चलें और चाहे जिस पर चलें बूढ़े-बच्चों का भेद नहीं करती हैं। हमास ने भी 7 अक्टूबर, 2023 के हमले में भयानक बर्बरता का परिचय दिया था और उसमें भी औरतों और बच्चों का कोई लिहाज नहीं किया गया था। लेकिन मानवीयता कहती है कि बर्बरता का उत्तर हमेशा बर्बरता ही नहीं होता। हालांकि इजरायल ने कहा कि उसने यह हमला इसलिए किया कि हमास ने शेष बंधकों को रिहा करने और युद्ध विराम को आगे बढ़ाने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। इसका मतलब कि हमास युद्ध विराम के नियमों का पालन नहीं कर रहा था और उन बंधकों को भी वापस नहीं कर रहा था जिनकी वापसी इस युद्ध समाप्ति की पहली शर्त है।यह भी पता नहीं है कि जिन बंधकों की रिहाई की बात हो रही है, वे किस हालत में हैं, जीवित भी हैं या नहीं। बहुत से बंधकों के मरने की खबर आ चुकी है। इस मामले में हमास की अस्पष्टता ने मामले को उलझाया ही है जिसको इजरायल ने अपने आक्रमण का बहाना बनाया है। राष्ट्रपति ट्रंप के आने के बाद से रणनीतिक परिस्थितियां इजरायल के पक्ष में आ गई हैं।वर्तमान हालात को देखते हुए हमास के लिए यही हितकर होता कि वह इजरायल को नये हमलों के बहाने उपलब्ध नहीं कराता, लेकिन हमास जैसे उग्रवादी संगठन से इस तरह की समझदारी की अपेक्षा नहीं की जा सकती। अगर उसमें सचमुच समझदारी होती तो ऐसा हमला इजरायल पर नहीं किया होता जैसा कि 7 अक्टूबर को किया था।

अब भी हमास समझदारी से काम ले तो कुछ बात बन सकती है अन्यथा इजरायल तो हमास और फिलिस्तीन को नेस्तनाबूद करने के मिशन पर चल ही रहा है। संकेत मिल रहे हैं कि इजरायल नये सिरे से जमीनी सैन्य अभियान शुरू कर सकता है।

-29 मार्च भवानी प्रसाद मिश्र जयंती पर विशेष-

# राष्ट्रकवि भवानी प्रसाद मिश्र की रचनाओं में समाहित है प्रकृति की विविधता





**बलराम शर्मा,**

स्वतंत्रता संग्राम के अमर प्रहरी, राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत कविताओं के माध्यम से सरल शब्दों में अपनी बात कहने वाले भवानी प्रसाद मिश्र की रचनाओं में प्रकृति की विविधता समाहित है। भवानी दादा की प्रसिद्ध रचना 'सतपुड़ा के घने जंगल' सन्नाटा, में एक अलग ही शब्दावली है। उन्होंने प्रकृति के जुड़ाव को बहुत ही अच्छे तरीके से उल्लेख किया है। भवानी दादा के संपूर्ण काव्य संसार में प्रकृति अपनी संपूर्णता में समाई हुई है। दादा की रचनाओं के व्यापकता में प्रवेश से पहले यदि रचनाओं के शीर्षक की ही व्याख्या कर लें तो हर मोड़ पर प्रकृति की विविधता समाहित है। भवानी दादा की कई कविताओं में प्रकृति के साफ दर्शन हैं। अंधेरी रात, असंदिग्ध एक उजाला, आमीन गुलाब पर ऐसा वक्त कभी ना आये, आषाढ़ का पहला दिन, चाँदनी से तरबतर, चार कौए उर्फ चार हौए, तार के खंभे, आसमान खुद, कमल के फूल, कुछ सूखे फूलों के, कोई सागर नहीं,तारों से भरा आसमान उपर, धरती का पहला प्रेमी, धुँधला है चन्द्रमा, पानी वर्षा री, बह नहीं रहे होंगे, बुनी हुई रस्सी, बूँद टपकी नभ से, यह कर्जे की चादर जितनी ओढ़ो उतनी कड़ी शीत है, सुबह हो गई, सूरज का गोला, सागर से मिलकर, हँसी आ रही है। ऐसी तमाम कविताएं हैं जिनका प्रकृति से सीधा संबंध हैं।

उन्होंने जो सुरम्य चित्र अपनी कविता में खींचे वह तो अलग है ही परन्तु उनकी सर्वाधिक लोकप्रिय प्रकृतिपरक रचना सतपुड़ा के जंगल, में कुछ अलग ही विशेषता है। तभी तो इसे पाठयक्रम में शामिल किया गया था। नई कविता में छायावादी प्रकृति काव्य की यह कविता है। उनकी अनेक रचनाओं पर दृष्टि डालने पर ऐसा लगता है कि वे प्राकृतिक वातावरण में ही सबसे ज्यादा सक्रिय रहे हैं। उनके प्रमुख विषय भी प्रकृति आधारित हैं। लेकिन वे सिर्फ प्रकृति चित्रण पर ही लिखते रहे ऐसा भी नहीं है। उन्होंने समाज, देश व परिस्थितियों को भी अच्छे से काव्यमय लिखा है।

भवानी दादा ने आजादी की लड़ाई में विशेष योगदान अपनी कलम के माध्यम से दिया है। स्वयं भी अनेक बार जेल गए। जेल में कई कविताएं लिखी दिन में तीन बार कविताएं लिखी जो तिरकाल संध्या के नाम से प्रसिद्ध हैं। सीधी सरल भाषा में लिखने वाले भवानी दादा विरले ही कवि रहे हैं। छायावाद के गीतात्मकता और नई कविता के यर्थाथ का संयोग कर उन्होंने अपनी कविता में प्रकृति के नए-नए रंग भरे हैं। दूसरा सप्तक में संकलित बूँद टपकी एक नभ से में प्रकृति की कोमलता और उसके भाव. सौन्दर्य को देखा जा सकता है। आजादी की लड़ाई में नर्मदापुरम होशंगाबाद का विशेष योगदान रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के अमर पहरी के रूप में भवानी प्रसाद मिश्र का नाम भी प्रमुखता से शामिल हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से काफी प्रभावित होने के कारण गांधीवादी कवियों में भवानी प्रसाद मिश्र प्रमुख हैं। महात्मागांधी के भारतछोड़ो आंदोलन में भवानी प्रसाद मिश्र को 1942 में जेल जाना पड़ा। जहां वे 2 वर्ष 8 माह 8 दिन तक जेल में रहे। तब उनके बच्चे छोटे थे। लेकिन उन्होंने देश प्रेम को सर्वोपरी माना। जेल में भी अनेक काव्य रचनाएं की। 1945 में जेल से छूटे थे। अपने कारावास के दिनों में ही बंगला भाषा सीखकर गुरूदेव रविंद्र नाथ टैगोर की रचनाओं का अध्ययन किया। भवानी प्रसाद मिश्र ने अपने अनुभवों का प्रयोग करके जिंदगी की व्यापकता को कविता में उतार कर रखा है। अभिव्यक्ति के इस यथार्थ प्रयोग के कारण ही उनके काव्य संसार को कविता में जिंदगी और जिंदगी में कविता के रूप देखा जा सकता है। सात-सात बार मौत से लड़े वैसे ही आजादी के पहले गुलामी से लड़े और आजादी के बाद तानाशाही से भी लड़े। आपातकाल के दौरान नियम पूर्वक सुबह-दोपहर-शाम तीनों वेलाओं में उन्होंने कवितायें लिखी जिसे त्रिकाल सन्ध्या नाम दिया गया।

### भवानी दादा के नाम पर नहीं हो सका स्कूल का नाम

भवानी दादा का नाम देश के उत्कृष्ट साहित्यकारों में आता है। उन्होंने उत्कृष्ट स्कूल जिसे उनके समय में गवर्मेट स्कूल कहा जाता था। इस स्कूल में उन्होंने अध्ययन किया है। आज भी यह शाला उत्कृष्ट विद्यार्थियों की शाला है। भवानी दादा के नाम पर स्कूल का नाम होना चाहिए।

नपा ने एक अच्छा प्रयास किया है कि भवानी प्रसाद मिश्र के नाम किले के पास भवानी उद्यान बनाया है। ऐसा बताया जाता है कि इसी किले पास बैठकर उन्होंने सन्नाटा नामक कविता की रचना की थी। उनके नाम से स्कूल का नाम करने में कोई खर्च तो होना नहीं है इसलिए भवानी प्रसाद विद्यालय होना चाहिए।

**पं गिरि मोहन गुरू नगर श्री,वरिष्ठ साहित्कार**

### मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी नहीं हुआ नामकरण

वर्ष 2003 में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 29 मार्च को इस स्कूल में भवानी दादा की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पर आए थे। उस दिन उन्होंने स्कूल का नाम भवानी प्रसाद मिश्र के नाम पर घोषणा की थी लेकिन विडम्बना है कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी स्कूल नाम भवानी दादा के नाम पर नहीं हो सका।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में फूड पॉइजनिंग से प्रभावित बच्चों का हालचाल जानने के लिए लोकबंधु श्री राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय का दौरा किया।

# युवाओं की रगों में दौड़ रहा उपसंस्कृति का जहर

**विमल शंकर झा**

किसी देश को खत्म करना है तो अब वहां सेकंड वर्ल्ड वार के दौरान हिरोशिमा और नागासाकी की तरह परमाणु एटम बम डालने की जरुरत नहीं है। या रुस और यूक्रेन युद्ध के बीच विनाशकारीरर मिसाइल और द्रोण के जरिए बड़े बड़े बमों को गिराने की आवश्यकता नहीं है बल्कि उस देश की संस्कृति को खत्म कर दो ...। वह मुल्क धीरे धीरे खुद ही मर जाएगा। इन दिनों हमारे देश भारत में यही हो रहा है। कभी विश्व गुरु कहलाने वाली देश की तहजीब रसातल में जा रही है। पश्चिमी संस्कृति की चकाचौंध, बाजारवाद की चमचमाहट और दौलत तथा शोहरत की हवस वाली वाली स्टेटस सिंबाल की संस्कृति हमारी पूरब की तहजीब को तेजी से निकल रही है। सीधी सपाट भाषा में कहा जाए तो हमने अंध विकास के लिए विनाश की बीमारी मोल ले ली है। यह यह नया नवेला कल्चर हमारे हजारों साल से चले आ रहे सामाजिक तानेबाने, सांस्कृतिक ढांचे और पारिवारिक संबंधों को तहस-नहस किए जा रहा है। कंटीले कैक्टस के कांक्रीट सघन जंगलों में न्यूक्लीयर फेमिली प्रेम और सम्मान में पगे हमारे संयुक्त परिवार की जड़ों को नेस्तनाबूद कर रहे हैं। एक ओर तो हमारे देश के सियासी रहनुमा भारत को फिर से विश्व गुरु, सुपर कंम्यूटर और और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था वाला देश बनाने का दावा या लोकलुभावना सपना दिखा रहे हैं वहीं दूसरी ओर अपने घोषित और अघोषित स्वार्थ के लिए ऐसे दुष्कृत्यों का युद्धस्तर पर चौतरफा अभियान छड़े हुए हैं वसुधैव कुटुंबकम की भारत की संस्कृति प्रदूषित हो रही है। आज राजनीतिक शुचिता तार तार हो रही है, सामाजिक, सांस्कृतिक मयार्दा बेजार हो रही है और चौतरफा आर्थिक, सामाजिक विषमता शर्मसार कर रही है। समाज में मानवीय और नैतिक मूल्यों के पतन से बढ़ती अपसंस्कृति, नशाखोरी, अपराध, बलात्कार और भ्रष्टाचार से देश और समाज गर्त में जा रहा है। देश का भविष्य यानी युवा नस्ल कालेजों, यूनिविर्सिटीज और स्कूलों के कैंपस नाइट क्लबों फार्महाउसों के नीले समंदर में छई-छपाक कर रही है। लिव इन रिलेशन, समलैंगिकता और लेट मैरिज, संतति और सर्जरी का यंगस्टर्स में बढ़ता ट्रेंड समाज को किस विकास धारा में ले जा रहा है। गर्ल फ्रेंड-ब्याय फ्रेंड और नशे मे उन्मत्त युवाओं का आदर्श वाक्य जैसे ये जिंदगी मिले न दोबारा और अपना सपना मनी मनी हो गया है। एक सर्वे के मुताबिक देश में 70 फीसदी लोग किसी न किसी तरह का नशा कर रहे हैं। इनमें 28 प्रतिशत लड़कियां अऔर महिलाएं मदिरा से लेकर ब्राउन शुगर वाला उड़ता पंजाब जैसा नशा क रही हैं। यदि देश की 37 प्रतिशत जनसंख्या वाले युवा की ऐसी रुग्ण सोच हो तो भला विश्व गुरु का सपना कैसे पूरा होगा। छोटे मियां तो छोटे मियां बड़े मियां शुबहान अल्ला की तर्ज पर युवा क्या अधेड़वय क्लास भी यह सकल कर्म कर रहा है। इनमें सुसभ्य व सुंस्कृत माने जाने वाला तथा अनपढ़ों को गंवारु और जाहिल बोलने वाला पढ़े लिखों का तबका भी इन व्याधियों के मामले में युवाओं का पथप्रदर्शक बना हुआ है। आड़े,तिरछे और शार्ट कट रास्ते से वन टू का फोर कर भ्रष्टाचार और अनचार के लिए शिष्टाचार के चिथड़े उड़ाना आज हमारी संस्कति की पहचान बनती जा रही है। घोर आश्चर्य की बात है कि भ्रष्टाचार और मांड कल्चर से अपने स्टेटस सिंबाल को चमकाने वाला यह तबका विश्वगुरु,वसुधैव कुटुंबमक और सत्यमेव जयते की हमारी संस्कति को किताबी व लफ्फाजी बताते हुए आज न तो इस विषय में कुछ बात करना चाहता है और न कुछ सुनना चाहता है।




मेष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से कुछ अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। घर में खुशी का माहौल बनेगा। आज घर में किसी कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। दोस्तों के साथ बाहर घूमने जायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज खास काम करना चाहते हैं, तो उसके लिए दिन बेहतरीन है। ऑफिस में आज आपको बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। इस राशि के कलाकारों के लिए आज का दिन विशेष रूप से अच्छा है। आज समाज में आपका मान-सम्मान बना रहेगा। आज धैर्य से काम करने पर सफलता जरूर मिलेगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। सोचे हुए काम पूरे होने से खुशी मिलेगी। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आपको आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप एक साथ कई काम करने की कोशिश कर सकते हैं। बेहतर होगा काम को एक-एक करके पूरा करें। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से बचें, बड़ों की राय जरूर लें। आज उचित मेहनत से आपको सफलता मिलेगी। आज आपको बेवजह की उलझनों में पड़ने से बचना चाहिए।

सिंह राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। स्वास्थ्य में चल रहे उतार-चढ़ाव से आज आपको छुटकारा मिलेगा। किसी अजनबी की वजह से आपका मूड खराब हो सकता है, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आज आप किसी रिश्तेदार से मिलकर अपनी समस्या का हल निकाल सकते हैं। कोशिशों से उलझे हुए मामले सुलझ सकते हैं।

कन्या राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पहले से बनाई गई योजनाएं आज सफल होंगी। आप दूसरों के साथ बेहद व्यवहारिक रहेंगे। अपनी बात को सकारात्मक ढ़ंग से लोगों के सामने रखेंगे, तो फायदा होगा। पारिवारिक समस्यायों का समाधान निकालने में आज आप सफल होंगे। छात्र आज करियर को बेहतर दिशा देने के शिक्षकों से परामर्श लेंगे। व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। आज किसी भी बात को लेकर ज्यादा जिद करने से आपको बचना चाहिए।

तुला राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। दिन भर के भाग-दौड़ के बाद शाम को थकान महसूस हो सकती है । आज किसी भी मौके को हाथ से निकलने न दें। आज आप अपने काम में कम, दूसरे के कामों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। इसराशि के जो लोग अविवाहित है, आज उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी। आपको अच्छा जीवनसाथी मिल सकता है। किसी काम में जल्दबाजी करने से आपको बचाना चाहिये, नहीं तो वह काम आपको दूबारा करना पड़ सकता है ।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों के साथ अधिक समय बितायेंगे। इस राशि के छात्रों के मन में आज कई तरह के विचार आयेंगे। अपने विचारों को घर वालों के साथ शेयर करने से आपको अच्छा महसूस होगा। आप अपनी बात को स्पष्ट रूप से कहने की पूरी कोशिश करेंगे। आज दूसरों के काम से कुछ सीखने की कोशिश करेंगे। शुभ समाचार मिलने के योग नजर आ रहे हैं।

धनु राशि: आज किस्मत आपके साथ रहेगी। कार्यक्षेत्र में रूका हुआ काम आसानी से पूरा हो जायेगा। ऑफिस में सीनियर से बातचीत करने पर सहयोग प्राप्त होगा । पारिवारिक मुद्दों पर फैसले लेने के लिये आज का दिन अच्छा है। घर में सभी के साथ तालमेल अच्छा बना रहेगा। कारोबार को बढ़ाने के लिये दोस्तों से बहुत अच्छे सुझाव मिलेंगे।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज सामाजिक कार्यक्रम में किसी से मिलने जाना पड़ सकता है। परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान बदलना पड़ सकता हैं। ऑफिस में काम को लेकर सीनियर के साथ विचार-विमर्श करेंगे। इस राशि के छात्रों का दोस्तों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा। आज अपने कार्य प्रणाली को सुधारने की कोशिश करेंगे।

कुंभ राशि:आज की गई मेहनत का पूरा फायदा आपको मिलेगा। घर के काम को समय से निपटा लेंगे। परिवार वालों के साथ अधिक टाइम स्पेंड करने से फायदा होगा। नई बातों को जानने के लिए आप उत्सुक होंगे। ऑफिस में साथ काम करने वालों से मदद मिलेगी।

मीन राशि:आज आपका दिन बेहतर रहेगा। हर कोई आपकी तरफ आकर्षित होगा। चारों तरफ से आपको प्रशंसा मिलेगी। अपना महत्वपूर्ण काम पूरा करने के बाद आप करीबी लोगों से मिलने-जुलने में व्यतीत करेंगे। आपके सामने करियरके नए अवसर खुलेंगे । पहले किये हुए काम का आज अच्छा परिणाम मिलेगा।

# म्यांमार -थाईलैंड समेत हिल गई कई देशों की दुनिया!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

म्यांमार और थाईलैंड में दोपहर के समय आए भयंकर भूकंप को रिक्टर पैमान पर 7.9 की तीव्रता का नापा गया है। इतने तेज भूकंप के कारण दोनों ही देशों में भारी तबाही हुई है। इन देशों की विशाल इमारतें और पुल ढह गए और भारी जान माल का नुकसान हुआ। थाईलैंड के प्रधानमंत्री शिनवात्रा ने बैंकाक के अंदर आपातकाल की घोषणा की है। इस भूकंप का केंद्र म्यांमार बताया गया है। जिसका भारी प्रभाव थाईलैंड तक हुआ है। बैंकाक में विशाल इमारत के ढहने से उसमें 43 लोग फंस गए हैं। आपातकालीन सेवाओं में जुटे कर्मियों का कहना है कि बैंकाक के चाटूचाक पार्क की इस इमारत के अंदर 50 लोग मौजूद थे। इस भूकंप की वजह से बैंकाक में अभी तक एक व्यक्ति के मरने की पुष्टि हो गई है, जबकि 50 लोग घायल हैं। म्यांमार में भी भारी तबाही हुई है। वहां मौजूद लोग चीखते-चिल्लाते हुए भागते नजर आ रहे हैं। बैंकॉक के 'चटुचक मार्केट' के पास स्थित घटनास्थल पर राहत एवं बचाव का कार्य किया जा रहा हैं । बैंकॉक में 7.9 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से इमारतें हिलने लगीं थी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मनी के जीएफजेड भूविज्ञान केंद्र ने बताया कि दोपहर को यह भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया था, जिसका केंद्र म्यांमार में था। ग्रेटर बैंकॉक क्षेत्र की आबादी 170 लाख से अधिक है, जिनमें से कई लोग ऊंची इमारतों वाले अपार्टमेंट में रहते हैं।दोपहर करीब डेढ़ बजे भूकंप आने पर इमारतों में अलार्म बजने लगे और घनी आबादी वाले मध्य बैंकॉक की ऊंची इमारतों एवं होटल से लोगों को बाहर निकाला गया। भूकंप इतना शक्तिशाली था कि कुछ ऊंची इमारतों के अंदरूनी हिस्सों में 'स्वीमिंग पूल' में पानी में लहरें उठती दिखीं। भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार में था, जो मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में है।थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए जहां सैंकड़ो लोग इमारतों से बाहर निकल आए। हालांकि जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि म्यांमार में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र मंडाले शहर के पास 10 किमी की गहराई पर था। म्यांमार दुनिया के सबसे भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक माना जाता है।




भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, असम और नागालैंड राज्यों में आज आए भूकंप से लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए।वहीदिल्ली व उसके आसपास के क्षेत्र में विगत 17 फ़रवरी की सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए थे,जिसमे कई सेकंड तक धरती डोलती रही थी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई थी, इसका केंद्र दिल्ली के पास ही धरती से 5 किलोमीटर की गहराई में था। इसीलिए तेज झटके महसूस हुए। कुछ सेकंड तक चलने वाले भूकंप के झटके इतने तेज थे कि इमारतों के अंदर जोरदार कंपन महसूस हुआ। भूकंप सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर आया था, जिससे लोगों की नींद उड़ गई थी।भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर भूकंपीय क्षेत्र 4 में आता है, जिससे यहां मध्यम से तीव्र भूकंप आने का खतरा रहता है। समय-समय पर दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस होते रहते हैं, लेकिन इस तीव्रता के झटके बहुत समय बाद महसूस किए गए हैं। उत्तराखंड समेत नेपाल और भारत के अन्य क्षेत्रों में धरती बार बार डोलने लगती है। भूकंप के तेज झटकों से लोग दहशत में आ जाते है।सन 2022 में आए भूकंप के झटके इतने तेज थे कि गहरी नींद में सोए लोग हड़बड़ाहट में उठे और घरों से बाहर की ओर भागे थे। उस समय उत्तराखंड में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.5 मापी गई थी। दिल्ली के साथ ही नोएडा और गुरुग्राम में भी कई सेकेंड तक भीषण झटके महसूस किए गए। इसके कारण लोग उठ गए और कई लोग अपनी सोसायटी में बाहर निकल आए।ऐसा लगा कि बेड को कोई बहुत तेज धक्का मार रहा है। इस दौरान घर के फैन और झूमर भी भूकंप के असर के कारण तेजी से हिलने लगे। भूकंप पृथ्वी की सतह के हिलने को कहते हैं। यह पृथ्वी के स्थलमण्डल में ऊर्जा के अचानक मुक्त हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली भूकम्पीय तरंगों की वजह से होता है। भूकम्प बहुत हिंसात्मक हो सकते हैं और कुछ ही क्षणों में लोगों को गिराकर चोट पहुँचाने से लेकर पूरी आबादी को ध्वस्त कर सकने की इसमें क्षमता होती है। भूकंप का मापन भूकम्पमापी यंत्र से किया जाता है, जिसे सीस्मोग्राफ कहते है। 3 या उस से कम रिक्टर परिमाण की तीव्रता का भूकंप अक्सर अगोचर होता है, जबकि 7 रिक्टर की तीव्रता का भूकंप बड़े क्षेत्रों में गंभीर क्षति का कारण बन जाता है। भूकंप के झटकों की तीव्रता का मापन मरकैली पैमाने पर किया जाता है।पृथ्वी की सतह पर, भूकंप अपने आप को, भूमि को हिलाकर या विस्थापित कर के प्रकट करता है। जब एक बड़ा भूकंप उपरिकेंद्र अपतटीय स्थिति में होता है, यह समुद्र के किनारे पर पर्याप्त मात्रा में विस्थापन का कारण बनता है। भूकंप के झटके कभी-कभी भूस्खलन और ज्वालामुखी को भी पैदा कर सकते हैं। भूकंप अक्सर भूगर्भीय दोषों के कारण आते हैं।पिछले साल यानि सन 2021 में 11 सितंबर को जोशीमठ से 31 किलोमीटर पश्चिम दक्षिण पश्चिम में सुबह 5:58 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.6 थी। उत्तराखंड में इस भूकंप का प्रभाव चमोली, पौड़ी, अल?मोड़ा आदि जिलों में रहा था।इससे पूर्व 24 जुलाई सन 2021को उत्तरकाशी से 23 किलोमीटर दूर करीब 1 बजकर 28 मिनट पर भूकंप आया था। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गई थी। जिला मुख्यालय उत्तरकाशी के साथ डुंडा, मनेरी, मानपुर, चिन्यालीसौड़, बड़कोट, पुरोला व मोरी से भी भूकंप के झटके महसूस किये गए थे। हरिद्वार जिले में वर्ष 2020 में एक दिसम्बर को नौ बजकर 42 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.9 मैग्नीट्यड मापी गई थी, जिसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर तक थी। इस भूकंप से कोई क्षति तो नही हुई थी। लेकिन यह भूकंप भविष्य में किसी बड़े भूकंप का संकेत अवश्य माना गया था।उत्तराखंड भूकंप के दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र है।



# बरेली में किशोरी से दुष्कर्म, अस्पताल में भर्ती

बरेली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बरेली रेलवे स्टेशन के पास एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। सूचना पर जीआरपी ने उसे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे निजी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

एसपी जीआरपी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि आरपीएफ वालों को एक बच्ची मिली थी। उन्होंने उसे जीआरपी को सौंपा है। प्रथम दृष्टया यह लग रहा है कि लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके माता-पिता भी स्टेशन आ गए हैं। वह यहां पर किसी मेले में आई थी।

किशोरी के मुताबिक उसके साथ घटना में एक ही व्यक्ति शामिल था। जब वह ट्रेन से उतर कर जंक्शन से गली में जा रही थी, तभी यह घटना उसके साथ हुई है। पुलिस कर्मियों ने किशोरी के बयान दर्ज किए।पुलिस ने बताया कि ट्रेन से उतर कर वह पैदल आउटर से स्टेशन की ओर जा रही थी, उसी दौरान एक युवक ने उसे झाड़ियों में खींच लिया, दुष्कर्म किया। विरोध पर उससे मारपीट की। आरोपी के फरार होने के बाद किशोरी स्टेशन की ओर जा रही थी, उसी दौरान आरपीएफ के जवान दिखने पर घटनाक्रम बताया। इसके बाद उसे तुरंत जीआरपी थाने लाया गया। आरोपी की तलाश की जा रही है।बताया जा रहा है कि किशोरी वह अपने परिजनों के साथ एक मेले में शामिल होकर घर को लौट रही थी। तभी यह घटना हो गई। घटना के बाद उसे अस्पताल में भर्ती करवाकर उसका परीक्षण भी कराया गया है। मामले में पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## मौलिक अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए', भड़काऊ कविता मामले में इमरान प्रतापगढ़ी को सुको से राहत; एफआईआर रद्द की

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ गुजरात में दर्ज एफआईआर को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कांग्रेस सांसद ने जो किया वो कोई अपराध नहीं है। कथित तौर पर सौहार्द बिगाड़ने वाले सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर गुजरात पुलिस ने केस दर्ज किया था।

न्यायमूर्ति ओका ने फैसला सुनाते हुए कहा कि साहित्य, कला, व्यंग जीवन को अधिक सार्थक बनाते हैं; गरिमापूर्ण जीवन के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आवश्यक है। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया था। जिसमें वो हाथ हिलाते हुए चल रहे थे और उनपर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई जा रही थी।

## कांग्रेस नेता ने शेयर की औरंगजेब और टीपू सुल्तान की तस्वीर, लिखा विवादित कैप्शन; केस दर्ज

बेलगावी (आरएनएस)। कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस के एक स्थानीय नेता मुजामिल अत्तर के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोप है कि अत्तर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर औरंगजेब और टीपू सुल्तान की तस्वीरें लगाकर एक भड़काऊ पोस्ट साझा की थी। मुजामिल अत्तर बेलगावी के आजाद नगर के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, मुजामिल अत्तर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें औरंगजेब और टीपू सुल्तान की तस्वीरों के साथ कैप्शन लिखा था, बाप हैं तुम्हारे, भूलना मत। इस पोस्ट में हिंदी फिल्म अग्निपथ का एक उत्तेजक वीडियो क्लिप भी शामिल था, जिसमें ज्वाला सी जलती है पंक्ति थी। मामला दर्ज होने के तुरंत बाद आरोपी कांग्रेस नेता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इस पोस्ट को हटा दिया। शिकायत बेलगावी मार्केट पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है।

# पीएम मोदी करेंगे थाईलैंड और श्रीलंका की यात्रा, बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में लेंगे

नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 अप्रैल से 6 अप्रैल तक थाईलैंड और श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। थाई प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के निमंत्रण पर, पीएम मोदी 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 03-04 अप्रैल को बैंकॉक का दौरा करेंगे।

04 अप्रैल को होने वाले इस शिखर सम्मेलन की मेज़बानी बिम्सटेक के वर्तमान अध्यक्ष थाईलैंड कर रहा है। यह पीएम मोदी की थाईलैंड की तीसरी यात्रा होगी। यह 2018 में नेपाल के काठमांडू में आयोजित चौथे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के बाद बिम्सटेक नेताओं की पहली आमने-सामने की बैठक भी होगी। 5वां बिम्सटेक शिखर सम्मेलन, मार्च 2022 में कोलंबो, श्रीलंका में वर्चुअली आयोजित किया गया था। छठे शिखर सम्मेलन का विषय है %बिम्सटेक - समृद्ध, लचीला और खुला।

यात्रा की घोषणा करते हुए, विदेश मंत्रालय ने कहा, नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान बिम्सटेक सहयोग को और अधिक गति देने के तरीकों पर विचार-विमर्श करने की उम्मीद है।

बयान में कहा गया, भारत क्षेत्रीय सहयोग और साझेदारी को मजबूत करने के लिए बिम्सटेक में कई पहल कर रहा है, जिसमें सुरक्षा बढ़ाना,



व्यापार, निवेश को सुविधाजनक बनाना, भौतिक, समुद्री, डिजिटल संपर्क स्थापित करना, खाद्य, ऊर्जा, जलवायु और मानव सुरक्षा में सहयोग करना, क्षमता निर्माण और कौशल विकास और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ाना शामिल है।

द्विपक्षीय मोर्चे पर, प्रधानमंत्री मोदी 3 अप्रैल को प्रधानमंत्री शिनावात्रा के साथ बैठक करेंगे। मीटिंग में मौजूदा सहयोग की समीक्षा की जाएगी और दोनों देशों के बीच भविष्य की साझेदारी के रोडमैप पर चर्चा की जाएगी।

भारत और थाईलैंड के बीच मजबूत सभ्यतागत संबंध हैं, जो दोनों देशों की समुद्री निकटता से और मजबूत होते हैं।

थाईलैंड की अपनी यात्रा के बाद, प्रधानमंत्री मोदी श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के निमंत्रण पर 04-06 अप्रैल तक राजकीय यात्रा पर श्रीलंका जाएंगे। यात्रा के दौरान, वे राष्ट्रपति दिसानायके के साथ चर्चा करेंगे

उच्च स्तरीय चर्चाओं के अलावा, पीएम मोदी वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों और राजनीतिक नेताओं से मिलेंगे। वह भारतीय वित्तीय सहायता वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए अनुराधापुरा का दौरा करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने आखिरी बार 2019 में श्रीलंका का दौरा किया था। इससे पहले, श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना था, जो दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को दर्शाता है।

# सौरभ हत्याकांड : जेल में बंद साहिल और मुस्कान को मिला सरकारी वकील, दूसरी मांग भी हुई पूरी



मेरठ (आरएनएस)। मेरठ के चर्चित सौरभ हत्याकांड में जेल में बंद मुख्य आरोपी साहिल और उसकी साथी मुस्कान की एक और मांग जेल प्रशासन ने पूरी कर दी है। अदालत ने उनकी पैरवी के लिए सरकारी वकील नियुक्त कर दिया है। अपर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अधिवक्ता रेखा जैन को इस मामले में साहिल और मुस्कान का प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किया है। मेरठ जेल प्रशासन के माध्यम से साहिल और मुस्कान ने अदालत से अनुरोध किया था कि उन्हें कानूनी सहायता के लिए एक सरकारी वकील उपलब्ध कराया जाए। इस पर कार्रवाई करते हुए अदालत ने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए रेखा जैन को उनकी पैरवी के लिए नियुक्त कर दिया है। मेरठ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उदयवीर सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि न्यायिक प्रक्रिया के तहत आरोपियों को वकील उपलब्ध कराना अनिवार्य है। अब अधिवक्ता रेखा जैन न्यायालय में मुस्कान और साहिल की ओर से उनकी बचाव पक्ष की दलीलें पेश करेंगी।

# अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर , अवैध होर्डिंग लगाने का आरोप

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित अन्य नेताओं के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। यह मामला राउज एवेन्यू कोर्ट में चल रहा है और इसकी अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। दिल्ली की एक अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया कि वह अरविंद केजरीवाल और अन्य नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करे।

शिकायतकर्ता शिव कुमार सक्सेना ने अदालत में सबूत पेश किए कि द्वारका इलाके में आम आदमी पार्टी के बड़े-बड़े पोस्टर और बैनर अवैध रूप से लगाए गए थे। अदालत ने इस मामले पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा कि अवैध होर्डिंग्स न केवल शहर की सुंदरता को खराब करते हैं, बल्कि यातायात के लिए भी खतरा पैदा कर सकते हैं। इस मामले को दिल्ली प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट, 2007 की धारा 3 के तहत अपराध माना गया है। अदालत ने यह भी कहा कि देश में अवैध होर्डिंग्स गिरने से लोगों की मौत होना कोई नई बात नहीं है, इसलिए इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। केजरीवाल के अलावा, पूर्व विधायक गुलाब सिंह और पूर्व पार्षद नितिका शर्मा के खिलाफ



भी एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने राउज एवेन्यू कोर्ट में अनुपालन रिपोर्ट दाखिल कर जानकारी दी कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। गौरतलब है कि साल 2019 में द्वारका में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर कथित तौर पर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी और अब कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है।

# दिल्ली सरकार के बजट पर विपक्ष ने उठाए सवाल, बताया झूठा और अवास्तविक

नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली की भाजपा सरकार ने 25 मार्च को आगामी



वित्तीय वर्ष के लिए 1 लाख करोड़ का बजट पेश किया। इसे लेकर विपक्ष ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आम आदमी पार्टी और विपक्षी नेताओं का कहना है कि यह बजट पूरी तरह से झूठे आंकड़ों पर आधारित है और इसमें कोई ठोस वित्तीय योजना नहीं है।

आम आदमी पार्टी की नेता वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि पहली बार इतिहास में किसी बजट के आंकड़ों को लेकर इतनी गलत जानकारी दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने बजट को लेकर सिर्फ जुमलेबाजी की है, लेकिन इस बात का कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया कि यह पैसा आएगा कहां से। दिल्ली सरकार ने अपने बजट में टैक्स रेवेन्यू से 68,000 करोड़ की आय का अनुमान लगाया है। हालांकि, विपक्ष का दावा है कि यह आंकड़ा पूरी तरह से गलत है। आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने कहा कि दिल्ली की आर्थिक स्थिति को देखते हुए वास्तविक टैक्स रेवेन्यू 63,000 करोड़ के आसपास होना चाहिए, जो सरकार के अनुमान से 5,000 करोड़ कम है। उन्होंने भाजपा पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। विपक्ष का कहना है कि सरकार ने बजट से एक दिन पहले आर्थिक सर्वेक्षण पेश नहीं किया, जिससे स्पष्ट होता है कि बजट के आंकड़ों में हेरफेर किया गया है।

## नदी में डूबने से युवक की मौत, बिना पोस्टमार्टम शव लेकर गया परिवार

देवरिर्या (आरएनएस)। देवरिया जनपद के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के पटनावा पुल के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। गंडक नदी में नहाने गए युवक अल्ताफ की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वह अक्सर बिना बताए कहीं भी निकल जाता था। शाहजहांपुर जनपद के बंडा थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव का रहने वाला अल्ताफ अपने भाई शादाब के साथ देवरिया में एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। मंगलवार को अल्ताफ अचानक बिना बताए गंडक नदी पर पहुंच गया और नहाने लगा। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि शादाब बिना पोस्टमार्टम कराए ही अपने भाई के शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव ले गया।

# कपड़ा फैक्ट्री में हुआ बड़ा हादसा, बायलर फटने से 3 मजदूरों की मौत, 6 घायल

गाजियाबाद (आरएनएस)। जनपद गाजियाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र स्थित दतेड़ी गांव में एक कपड़ा फैक्ट्री में बॉयलर फटने से बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया।घटना के बाद मृतकों के परिजन आक्रोशित हो गए और उन्होंने फैक्ट्री के बाहर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को शवों को उठाने नहीं दिया। मौके पर ग्रामीणों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल को बुला लिया है। परिजनों का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा कामगारों को पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस फिलहाल घटनास्थल पर गहन जांच कर रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बॉयलर किस कारण से फटा। पुलिस शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी, लेकिन मृतकों के परिजनों के विरोध के कारण ऐसा नहीं हो सका। भीड़ के आगे पुलिस अधिकारी बेबस नजर आए। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।पुलिस ने मृतकों की पहचान अनुज, योगेंद्र और अवधेश के रूप में की है। बताया गया है कि ये तीनों मजदूर क्रमशः जेवर, भोजपुर और मोदीनगर के रहने वाले थे। पुलिस ने कुछ घायल मजदूरों से भी बातचीत की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बॉयलर फटने से इतना तेज धमाका हुआ कि आसपास के इलाके में भी दहशत फैल गई।

# मुजफ्फरनगर में पत्नी ने पति को पिलाई जहरीली कॉफी, पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की

मुजफ्फरनगर्र (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में पत्नी ने अपने पति को जहरीली कॉफी पिला दी। व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। व्यक्ति के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर आरोपी बेटे की पत्नी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मुजफ्फरनगर में थाना खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव भंगेला निवासी अनुज शर्मा की शादी लगभग 2 वर्ष पहले गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र की फरखनगर निवासी पिंकी शर्मा उर्फ सना से हुई थी। अनुज मेरठ के ग्लोबल अस्पताल में नौकरी करता है। शादी के कुछ महीने बाद ही अनुज और पिंकी के बीच विवाद शुरू हो गया।

पिंकी के लगातार मोबाइल पर बीजी रहने के कारण दोनों



पति-पत्नी के बीच मारपीट और झगड़ा होना शुरू हो गया था। यह मामला पुलिस तक पहुंच गया था। पिंकी ने अपने पति के खिलाफ गाजियाबाद में मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद गाजियाबाद के महिला थाने में दोनों का सुलह कराया गया। पुलिस ने एक सप्ताह के लिए दोनों को एक साथ रहने के लिए कहा, जिसके बाद अनुज पिंकी को उसके घर से अपने घर ले आया। लेकिन उसके बाद भी दोनों के बीच झगड़ा जारी रहा।अनुज की बड़ी बहन मीनाक्षी के अनुसार, पिंकी का शादी से पहले किसी और लड़के के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी के बाद भी पिंकी मोबाइल पर उसी लड़के से बात करती थी, जो मेरे भाई को पसंद नहीं था। इस बीच अनुज ने कई बार पिंकी को समझने की कोशिश की। अनुज के ड्यूटी पर मेरठ हॉस्पिटल जाने के बाद पिंकी घर पर अकेली रहकर उस लड़के से फोन पर बात करती रहती थी। एक दिन अनुज ने पिंकी के हाथों से मोबाइल छीन लिया। अनुज ने उस लड़के से की गई बात और मैसेज के साथ-साथ उस लड़के का फोटो भी देख लिया। जिस लड़के से पिंकी का प्रेम प्रसंग था, वह कोई और नहीं बल्कि पिंकी के ताऊ की लड़की का लड़का था, जो रिश्ते में पिंकी का भांजा लगता था।अनुज ने जब पिंकी से इस पूरे मामले में बात की तो उसने बताया कि शादी से पहले वह उस लड़के से प्रेम करती थी,।



पूर्व रेल एवं कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने नई दिल्ली में संसद भवन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की.

# मायावती ने अखिलेश यादव पर किया कटाक्ष, कहा- मेरे ऊपर कराया गया जानलेवा हमला भी याद कर लेना चाहिए

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के आगरा में समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर हुए हमले को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा। यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 30 वर्ष पुरानी घटना का जिक्र करते हुए पश्चाताप करने की मांग की है।

मायावती ने शुक्रवार सुबह एक्स पर दो पोस्ट किए। पहली पोस्ट में मायावती ने कहा, आगरा की हुई घटना के साथ-साथ सपा मुखिया अखिलेश यादव को इनकी सरकार में 2 जून 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड में इस पार्टी द्वारा मेरे ऊपर कराया गया जानलेवा हमला भी इनको जरूर याद कर लेना चाहिए तथा इसका पश्चाताप भी जरूर करना चाहिए।

उन्होंने दूसरी पोस्ट में कहा, अत: आगरा घटना की आड़ में अब सपा अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना बंद करे और आगरा की हुई घटना की तरह यहां दलितों का



उत्पीड़न और ज्यादा न कराए।

इससे पहले गुरुवार को भी मायावती ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी थी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा था, सपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए अपने दलित नेताओं को आगे करके जो घिनौनी राजनीति कर रही है अर्थात उनको नुकसान पहुंचाने में लगी है, यह उचित नहीं। दलितों को इनके सभी हथकंडों से सावधान रहना चाहिए। आगरा की हुई घटना अति चिंताजनक है।

उन्होंने कहा था, साथ ही, सपा को अपने स्वार्थ में किसी भी समुदाय का अपमान करना ठीक नहीं, जिसके तहत अब इनको किसी समुदाय में दुर्गंध व किसी में सुगंध आ रही है। इससे समाज में अमन-चैन व सौहार्द बिगड़ेगा, जो ठीक नहीं।

बता दें कि आगरा में दक्षिणपंथी संगठन से जुड़े लोगों ने राणा सांगा के बारे में विवादित बयान देने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर पर बुधवार को हमला किया था।

# पंजाब-हरियाणा भाई-भाई, भगत सिंह पर विवाद नहीं होना चाहिए : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पंजाब कांग्रेस कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने कांग्रेस के विधायकों से मुलाकात की और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने पंजाब और हरियाणा को भाई-भाई बताया।भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब और हरियाणा बड़े भाई-छोटे भाई हैं। मैं यहां बचपन से आता रहा हूं। हुड्डा ने पंजाब-हरियाणा के बीच रिश्तों का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों प्रदेश हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़े रहते हैं। इसके अलावा, हुड्डा ने पंजाब विधानसभा में पेश किए गए प्रस्ताव पर भी अपनी राय व्यक्त की।उन्होंने कहा कि पंजाब कांग्रेस द्वारा विधानसभा में लाए गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया जाना चाहिए था। यह एक महत्वपूर्ण कदम था, जो राज्य की बेहतरी के लिए आवश्यक था। हुड्डा ने आगे कहा कि सरदार भगत सिंह के नाम पर कोई विवाद नहीं होना चाहिए। उनके योगदान को हमेशा सम्मानित किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उनकी यादें हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहें।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंजाब विधानसभा के नेता विपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि उन्होंने शहीद-ए-आजम भगत सिंह को भारत रत्न देने की मांग की। मैंने इस पर प्रस्ताव लाने की मांग की थी। लेकिन, इससे पहले आम आदमी पार्टी का प्लान था और मुझे लगता है कि अरविंद केजरीवाल का संदेश आया हुआ था। जब मैंने बोलना शुरू किया तो सदन में शोर-शराबा शुरू हो गया। प्रदेश के विकास के मुद्दे पर बाजवा ने कहा कि पंजाब में विकास के लिए इंजीनियरिंग कॉलेजों पर तकनीकी दृष्टिकोण से काम करना होगा, ताकि कोई ठोस और स्थायी मॉडल तैयार किया जा सके।इससे पहले भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा विधानसभा में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी और महंगी होती शिक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को जो किताब 50 रुपए में मिलनी चाहिए, उसे प्राइवेट स्कूल 150 रुपए में देते हैं और मनमानी फीस लेते हैं। इस बात की जांच होनी चाहिए कि प्राइवेट स्कूल बच्चे को किस कीमत पर किताब दे रहे हैं और सरकारी स्कूल में वही किताब किस दर पर मिलती है। सरकारी स्कूल में शिक्षक नहीं हैं, इसलिए आम गरीब को मजबूरी में प्राइवेट स्कूलों में जाना पड़ता है। शिक्षा इतनी महंगी हो गई है कि आम गरीब को कर्ज लेकर अपने बच्चों को पढ़ाना पड़ता है।

# कैमरे में कैद हुआ अवनीत कौर का हॉट लुक, मिनि स्कर्ट पहन एक्ट्रेस ने दिए सिजलिंग पोज



बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर आए दिन अपनी ग्लैमरस और स्टनिंग फोटोज इंस्टाग्राम पर अपलोड कर अक्सर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को अपने हुस्न का कायल करती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है।हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी बेहद ही ग्लैमरस फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।अवनीत कौर की इन लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने चेक लुक में शर्ट पहनी हुई है, जिसके साथ उन्होंन बेज कलर के लुक में स्कर्ट पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं।बालों को स्टाइलिश पोनीटेल लुक देकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये किलर अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। इंडियन हो या वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर एक अंदाज में कहर ढाती हैं।

### राम चरण के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला तोहफा, आरसी16 के शीर्षक से उठ गया पर्दा, फिल्म पेड्डी का फर्स्ट लुक आउट

टॉलीवुड के मेगा पावर स्टार राम चरण आज 40 साल के हो गए हैं. राम चरण ने एसएस राजामौली की आरआरआर में सीता रामाराजू के किरदार से सभी का का दिल जीत लिया. इस फिल्म में उनके किरदार को दर्शकों ने काफी सराहा है. इस फिल्म के बाद उनके पॉपुलरिटी का ग्राफ नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया और उनकी फिल्मों से उम्मीदें कई गुना बढ़ गई. आरआरआर की अपार सफलता के बाद, राम चरण गेम चेंजर में नजर आए, जिसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला. अब, वह अपनी 16वीं फिल्म के लिए कमर कस रहे हैं. जी हां, वह आगामी फिल्म आरसी16 (टेंपरेरी टाइटल) में नजर आने वाले है. राम चरण के बर्थडे पर आरसी16 के मेकर्स ने उन्हें और उनके फैंस तो तोहफा दिया है. मेकर्स ने फिल्म का ऑफिशियल टाइटल और फर्स्ट लुक जारी किया है.

आरसी16 के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म का ऑफिशियल टाइटल और राम चरण का फर्स्ट लुक पोस्ट किया है. मेकर्स के मुताबिक, आरसी16 का ऑफिशियल टाइटल पेड्डी है. मेकर्स ने कैप्शन में राम चरण को बर्थडे विश करते हुए लिखा है, जमीन का आदमी और प्रकृति की शक्ति. आरसी16 पेड्डी है. हैप्पी बर्थडे ग्लोबल स्टार राम चरण.

# सावित्रीबाई फुले का किरदार पर्दे पर निभाना बड़ी जिम्मेदारी थी : पत्रलेखा

अभिनेत्री पत्रलेखा की अपकमिंग बायोपिक 'फुले' का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च हुआ। फिल्म में अभिनेत्री सावित्रीबाई फुले की भूमिका में हैं। अभिनेत्री ने बताया कि पर्दे पर सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाना, उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी थी और उनका यह सफर भावनाओं से भरा रहा।इसे एक परिवर्तनकारी और बेहद प्रेरणादायक अनुभव बताते हुए, पत्रलेखा ने कहा कि समाज सुधारक की भूमिका निभाना उनके लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी, उन्होंने उनके संघर्ष, ताकत और विरासत को पर्दे पर दिखाने का प्रयास किया।उन्होंने बताया, जब मुझे इस भूमिका के लिए संपर्क किया गया, मेरे विचार स्पष्ट थे। जब मैंने पहली बार अनंत सर से बात की, तो उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट भेजी, जो काफी बड़ी थी। मुझे याद है कि मैंने उन्हें फोन करके कहा था, सर, यह स्क्रिप्ट बहुत बड़ी है। मेरे पास पढ़ने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन उन्होंने मुझे आश्वस्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ पहला ड्राफ्ट है और वे इसे और बेहतर बनाएंगे। डेढ़ साल बाद, मुझे अंतिम स्क्रिप्ट मिली और यह खूबसूरती से लिखी गई थी। मैं मना नहीं कर सकी। मुझे बस इतना पता था कि मुझे इसका हिस्सा बनना है।पत्रलेखा ने सावित्रीबाई फुले के रूप में चुने जाने पर अपनी शुरुआती प्रतिक्रिया के बारे में भी बताया, उन्होंने स्वीकार किया कि वह इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उत्साहित और चिंतित दोनों थीं।

अभिनेत्री ने बताया, ईमानदारी से कहूं तो मैं तुरंत ही इस किरदार की ओर आकर्षित हो गई। यह सिर्फ एक ऐतिहासिक शख्सियत का किरदार निभाने के बारे में नहीं था, यह साहस की कहानी के बारे में था। जब अनंत सर और मैंने पहली बार बात की, तो मैं ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्ति का किरदार निभाने को लेकर चिंतित थी, लेकिन उन्होंने मेरी मदद की।उन्होंने कहा, अपनी चिंताओं को छोड़ो और बस करो। उस आश्वासन ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया। बेशक यह चुनौतीपूर्ण था, लेकिन एक बार जब मैं सेट पर गई, तो घबराहट गायब हो गई। फिल्म में सावित्रीबाई का किरदार निभाना उनके लिए कितना चुनौतीपूर्ण था, इस बारे में अभिनेत्री ने कहा, मैं पहले तो काफी चिंतित थी, लेकिन अनंत सर ने मेरी मदद की। उन्होंने मुझे चीजों को समझने और अपना आत्मविश्वास पाने का मौका दिया। इस तरह के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक किरदार को निभाना कोई आसान काम नहीं है। टीम के सहयोग से मुझे किरदार में पूरी तरह से ढलने का आत्मविश्वास मिला।

अनंत महादेवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में ज्योतिराव फुले की भूमिका में प्रतीक गांधी हैं। यह महात्मा फुले की 197वीं जयंती के मौके पर 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# द भूतनी में संजय दत्त बने बाबा तो मौनी रॉय भूतनी, फिल्म से आए कई एक्टर्स के खौफनाक फर्स्ट लुक पोस्टर, 29 मार्च को रिलीज होगा ट्रेलर

*संजय दत्त और मौनी रॉय अपनी हॉरर-एक्शन कॉमेडी फिल्म द भूतनी की रिलीज के लिए कमर कस रहे हैं और मेकर्स ने पिछले महीने फिल्म का दिलचस्प टीजर रिलीज किया था. हाल ही में खबर आई थी कि फिल्म का मोस्ट अवेटेड ट्रेलर 29 मार्च, 2025 को मुंबई में एक ग्रैंड इवेंट में रिलीज किया जाएगा. अब मेकर्स ने द भूतनी के ट्रेलर की ऑफिशियल डेट कंफर्म कर दी है. साथ ही फिल्म से संजय दत्त और मौनी रॉय के दिलचस्प किरदारों के पोस्टर भी रिलीज कर दिए हैं.*


मेकर्स ने फिल्म से संजय दत्त का पहला लुक पोस्टर रिलीज किया जिसमें उन्हें बाब के रूप में दिखाया गया है. पोस्टर में उन्हें एक पेड़ की शाखाओं से बंधा हुआ दिखाया गया है, जबकि उनके हाथ में दो तलवारें हैं जो आग की लपटों में घिरी हुई हैं. पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, जिनसे भूत, प्रेत, जिन और पिशाच भी जाएंगे डर के भाग, बाबा लगाएंगे सबकी वाट.इस बीच, एक अन्य कैरेक्टर पोस्टर में मौनी रॉय के किरदार मोहब्बत को दिखाया गया है. जिसके आगे प्यार या प्रलय लिखा हुआ है, एक्ट्रेस की ग्रीन आंखें ही खौफ पैदा करने के लिए काफी है. मेकर्स ने पोस्टर को एक कैप्शन के साथ शेय किया जिसमें लिखा, उसकी आंखों में मोहब्बत भी है, तबाही भी... ये प्यार है या प्रलय.




संजय और मौनी के अलावा सनी सिंह, पलक तिवारी और बेयूनिक के पोस्टर भी रिलीज कर दिए गए हैं. ये कलाकार भी फिल्म में अहम रोल प्ले करेंगे. कहने की जरूरत नहीं कि पोस्टर ने फिल्म के लिए फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है. संजय दत्त के कैरेक्टर पोस्टर पर रिएक्शन देते हुए फैन ने लिखा, ब्लॉकबस्टर बाबा वापस आ गए हैं. शिल्पा शिरोडकर ने कमेंट किया, मेरे प्यारे संजय दत्त और पूरी टीम को शुभकामनाएं. मौनी के लुक पर रिएक्शन देते हुए दिशा पटानी ने लिखा, हे भगवान, इंतजार नहीं कर सकती.सिद्धांत सचदेव द्वारा निर्देशित 'द भूतनी' में संजय दत्त, मौनी रॉय, सनी सिंह, पलक तिवारी, आसिफ खान और बेयूनिक मुख्य भूमिका में हैं. यह 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है. रिपोर्ट्स की मानें तो 'द भूतनी' का ट्रेलर सलमान खान स्टारर सिकंदर के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा. जिससे यह फिल्म देखने वालों के लिए डबल ट्रीट बन जाएगा. ट्रेलर 29 मार्च को रिलीज होगा.

# योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित अजयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी का एलान, सामने आया फर्स्ट लुक

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन की कहानी अब बड़े पर्दे पर दिखेगी. इस पर आधारित फिल्म की घोषणा की गई. अजय: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी टाइटल वाली यह फिल्म शांतनु गुप्ता की किताब द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर पर आधारित है. घोषणा के साथ ही एक मोशन पोस्टर भी शेयर किया गया.मोशन पोस्टर में एक्टर अनंत जोशी योगी आदित्यनाथ की भूमिका में हैं, जो लोगों की सेवा के लिए दुनिया को त्याग देते हैं. बैकग्राउंड में परेश रावल की आवाज सुनी जा सकती है, जो कहते हैं, वो कुछ नहीं चाहता था, सब उसको चाहते थे. जनता ने उसको सरकार बना दिया. महारानी 2 फेम रवींद्र गौतम द्वारा निर्देशित, अजय: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी में दिनेश लाल यादव, अजय मेंगी, पवन मल्होत्रा, राजेश खट्टर, गरिमा विक्रांत सिंह और सरवर आहूजा भी अहम रोल में हैं.फिल्म का टाइटल काफी हद तक योगी आदित्यनाथ के जन्म के नाम अजय सिंह बिष्ट से प्रेरित है. 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली यह फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी. म्यूजिक मीत ब्रदर्स ने तैयार किया है, जबकि दिलीप बच्चन झा और प्रियांक दुबे ने इसे लिखा है. विष्णु राव फोटोग्राफी डायरेक्टर हैं जबकि उदय प्रकाश सिंह प्रोडक्शन डिजाइनर हैं.फिल्म के बारे में बात करते हुए, निर्देशक रवींद्र गौतम ने कहा, हमारी फिल्म हमारे देश के युवाओं के लिए अविश्वसनीय रूप से प्रेरणादायक है, जो उत्तराखंड के एक सुदूर गांव के एक साधारण मिडिल क्लास लड़के की जिंदगी पेश करती है जो भारत के सबसे ज्यादा जनसंख्या वाले राज्य का मुख्यमंत्री बन जाता है. योगी आदित्यनाथ 2017 से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के पद पर कार्यरत हैं. वे सबसे ज्यादा समय तक (8 साल) यूपी के मुख्यमंत्री के पद पर है. उनके बचपन का नाम अजय मोहन सिंह बिष्ट था. इस फिल्म का टाइटल उनके नाम से ही इंस्पायर्ड है.




# पोछा लगाने के पानी में मिला लें ये 4 चीजें, शीशे की तरह चमक उठेगा आपका फर्श ,मक्खियां रहेंगी कोसों दूर



बहुत से लोग ऐसे हैं जो अपने घर में हर रोज झाड़ू लगाते हैं. ऐसा करने से न सिर्फ फर्श साफ रहता है बल्कि उस पर बैक्टीरिया भी नहीं पनपते हैं. हालांकि गर्मियों में मक्खियां ज्यादा होती हैं. ऐसे में मक्खियों से बचने के लिए रोजाना पोछा लगाना जरूरी हो जाता है. बता दें, पोछा लगाने से घर अच्छी तरह साफ हो जाता है. वहीं, फर्श को रोजाना साफ करना जरूरी है, खासकर ऐसे घर में जहां बच्चे हों. इसके अलावा पूरे घर को इस तरह से साफ करना चाहिए कि उसमें से अच्छी खुशबू आए. इसके लिए जानें पोछा लगाने वाले पानी में क्या मिलाएं...

### बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा चिकना और गैर चिकना दोनों तरह के दागों को हटा सकता है, फर्श पर कई तरह के चिकने दाग होते हैं. वहीं, गर्मी के मौसम में तरबूज और आम जैसे फलों का रस अगर फर्श पर गिर जाए तो वह चिकना हो जाता है, क्योंकि इनमें मौजूद चीनी और अन्य तत्व फर्श पर फैलकर चिपचिपा बना देते हैं. वहीं, फर्श पर चिकनापन होने के कारण यह कीड़े-मकोड़ों, चींटियों और मक्खियों को आकर्षित कर सकता है. इसलिए इन चिकने दागों को हटाने के लिए पोछा लगाने वाले पानी में बेकिंग सोडा जरूर मिलाएं. इससे पोछा लगाने से चिकनाई, तेल और ग्रीस के दाग जल्दी हटाने में मदद मिलेगी.

### नींबू का रस

नींबू का रस विटामिन सी से भरपूर होता है. एक नेचुरल सफाई एजेंट के रूप में यह अद्भुत काम करता है. इसमें हाई माइक्रोबियल प्रॉपर्टीज भी होते हैं. इसलिए इसमें बैक्टीरिया को मारने की शक्ति होती है. यदि आप फर्श पोंछने के लिए पानी में नींबू का रस मिला लें तो इससे न केवल अच्छी खुशबू आएगी बल्कि बैक्टीरिया भी मर जाएंगे. दो नींबू का रस आधी बाल्टी पानी में मिलाकर पोंछा लगा लें. इससे अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं.

### वेजिटेबल ऑयल

ऐसे कई तेल हैं जिनकी खुशबू अच्छी होती है, जैसे पेपरमिंट तेल और नींबू का तेल आदि. आधी पानी से भरी बाल्टी में दो बड़े चम्मच इन में से किसी एक तेल को तेल डालें और अच्छी तरह मिला लें. फिर इस पानी से फर्श को पोंछें. इससे पूरा घर खुशबू से महक उठेगा और यह बैक्टीरिया को भी दूर भगाने में मदद करता है. इस तरह से फर्श पर पोछा लगाने से मक्खियां भी घर से दूर रहेंगी.

### सिरका

सिरके का उपयोग घर की सफाई के लिए भी किया जा सकता है. इसके लिए आधा बाल्टी पानी में एक चौथाई कप सिरका डालकर अच्छी तरह मिला लें और इस पानी से अपने घर की फर्श को पोछें. ऐसा करने से इससे चिकनाई हट जाएगी और अच्छी खुशबू आएगी. सिरके वाला पानी रसोईघर की सफाई के लिए अद्भुत माना जाता है। एक बार सिरके का प्रयोग करके देखें. आप समझ जायेंगे कि यह कितनी अच्छी तरह काम करता है.

### कम पानी नहीं ज्यादा मात्रा में पानी लेकर पोछा लगाएं

घर को साफ रखने के लिए आपको ज्यादा पानी से पोछा लगाना पड़ता है. कुछ लोग कम पानी से पोछा लगाते हैं. वे एक बार में ही पूरा कमरा साफ कर देते हैं या फिर पोछा पानी में डुबोकर कमरे में दो या तीन बार पोछा लगाते हैं. ऐसा करने से धूल हट जाती है लेकिन बैक्टीरिया और मक्खियां घर में नहीं जा पाते हैं. इसलिए, हमेशा पोछे में अधिक पानी डालकर फर्श साफ करें.

# वास्तु के अनुसार घर में वॉशिंग मशीन किस दिशा में रखनी चाहिए ?

वास्तु शास्त्र में हर वस्तु के लिए एक स्थान निर्धारित किया गया है. जब ये चीजें सही दिशा या स्थान पर नहीं होती हैं, तो उस घर की सकारात्मक ऊर्जा प्रभावित होने लगती है. इसका नकारात्मक प्रभाव घर और उस घर के सदस्यों पर पड़ता है. आजकल वॉशिंग मशीन हर किसी के लिए जरूरी हो गई है. लेकिन वास्तु के अनुसार अगर हम घर में वॉशिंग मशीन रखते हैं, तो कई लोगों को यह नहीं पता होता है कि इसके लिए कौन सी दिशा सबसे अच्छी है. हालांकि, कई लोग वास्तु की सही समझ न होने के कारण वॉशिंग मशीन को गलत दिशा में रख देते हैं. इससे घर के वास्तु पर गंभीर असर पड़ता है. इसलिए वास्तु विशेषज्ञों का कहना है कि घर में वॉशिंग मशीन रखने की सही दिशा जानना बहुत जरूरी है, खबर के माध्यम से जानें घर में वॉशिंग मशीन रखने की सही दिशा क्य है



### वॉशिंग मशीन रखने की सही दिशा क्या है?

दुनियाभर में कई लोग हैं जो वास्तु को मानते हैं और अपने घर में हर चीज वास्तु के हिसाब से रखते हैं. ऐसे में कहा जाता है कि घर में हर चीज वास्तु के हिसाब से होनी चाहिए. वास्तु के अनुसार घर में वॉशिंग मशीन का सही दिशा में होना बहुत जरूरी है. क्योंकि इससे उस घर से नकारात्मकता दूर रहती है. सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है. वास्तु शास्त्र के अनुसार वॉशिंग मशीन को दक्षिण-पूर्व दिशा में रखने से वास्तु दोष खत्म हो जाता है. इस तरीके को अपनाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है. इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है. अगर आप ऐसी सावधानियां नहीं बरतते हैं और वास्तु शास्त्र का पालन नहीं करते हैं तो आपको कई मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा. वॉशिंग मशीन को दक्षिण-पूर्व दिशा में रखना चाहिए क्योंकि यह मशीन आदि के लिए सबसे अच्छी दिशा मानी जाती है. सरल शब्दों में समझे तो वास्तु शास्त्र के अनुसार, वॉशिंग मशीन रखने के लिए आदर्श दिशा दक्षिण-पूर्व या उत्तर-पश्चिम दिशा है, जबकि उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र से बचना चाहिए.

## यूएई ने दिखाई उदारता, 500 भारतीय समेत 1500 से अधिक कैदियों को किया रिहा

यूएई (आरएनएस)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने रमजान के पवित्र महीने के अंत में एक बड़ा मानवीय कदम उठाया है। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने अलग-अलग आदेश जारी करते हुए कुल 2,813 कैदियों बड़ी राहत दी है। राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने 1,295 कैदियों को माफी दी है, जबकि प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने 1,518 कैदियों को क्षमादान दिया है, इनमें 500 से अधिक भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। यह घोषणा फरवरी के आखिरी सप्ताह में राष्ट्रपति द्वारा रमजान से पहले कैदियों को माफी देने की बात कहे जाने के बाद आई है। इस कदम का उद्देश्य रिहा किए गए कैदियों को अपने परिवारों के साथ ईद का त्योहार मनाने का अवसर प्रदान करना है। गौरतलब है कि संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय समुदाय एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यूएई की कुल आबादी में भारतीयों की हिस्सेदारी 37.96 प्रतिशत है। दिसंबर 2024 के आंकड़ों के अनुसार, यूएई में 35 लाख 68 हजार 848 (3.6 मिलियन) भारतीय निवास करते थे, जो दुनिया में भारतीयों की दूसरी सबसे बड़ी आबादी है। यूएई के विकास में यहां रहने वाले भारतीयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## व्हाइट हाउस में ट्रंप की इफ्तार पार्टी पर मचा बवाल, गेस्ट लिस्ट देखकर भड़के अमेरिकी मुस्लिम

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रमजान के पवित्र महीने के अवसर पर व्हाइट हाउस में पहली इफ्तार पार्टी की मेजबानी की। हालांकि, पार्टी को लेकर विवाद की लहर उठ गई है। पार्टी में अमेरिकी मुस्लिम सांसदों और समुदाय के प्रमुख नेताओं को निमंत्रण नहीं दिया गया। इसके बजाय, मुस्लिम देशों के विदेशी राजदूतों को आमंत्रित किया गया, जबकि व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी आयोजित करने की परंपरा पिछले दो दशकों से चल रही है।राष्ट्रपति ट्रंप ने इफ्तार डिनर के अवसर पर कहा, मैं आप सभी का व्हाइट हाउस में इफ्तार डिनर में स्वागत करता हूं। हम इस्लाम के पवित्र महीने रमजान का जश्न मना रहे हैं। यह एक बेहतरीन महीना है। दुनियाभर के मुस्लिमों को रमजान मुबारक। हम दुनिया के बेहतरीन धर्मों में से एक धर्म का सम्मान करते हैं।इस कार्यक्रम को लेकर कई मुस्लिम सिविल राइट्स समूहों ने विरोध जताया। Not Trumps Iftar नामक मुस्लिम नेताओं के समूह ने इसे ट्रंप की पाखंड भरी राजनीति का उदाहरण बताया। एक प्रदर्शनकारी का कहना था कि, यह डोनाल्ड ट्रंप का एक तरह का पाखंड है। एक ओर देश में मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक लगाते हैं, तो दूसरी ओर इफ्तार पार्टी का आयोजन करते हैं।

## बढ़ते तनाव के बीच कनाडा के पीएम का बड़ा एलान, अमेरिका के साथ पुराने रिश्तों को किया खत्म

कनाडा (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव बढ़ गया है। इस बीच कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा, कनाडा और अमेरिका के बीच मजबूत आर्थिक, सुरक्षा और सैन्य संबंधों का युग अब समाप्त हो चुका है।मार्क कार्नी ने अमेरिका के साथ कनाडा के पुराने रिश्ते खत्म होने का ऐलान कर दिया और कहा, अमेरिका के साथ हमारा अर्थव्यवस्थाओं, सुरक्षा और सैन्य सहयोग पर संबंध आधारित था, लेकिन अब हमारा अमेरिका के साथ पुराना रिश्ता खत्म हो गया है।ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका में निर्मित न होने वाले सभी वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा, जो 1 अप्रैल से लागू होगा। इस कदम से कनाडा की ऑटो इंडस्ट्री पर भारी दबाव पड़ने की संभावना है। 28 अप्रैल को होने वाले चुनाव से पूर्व पीएम कार्नी ने अपने चुनाव अभियान को रोकते हुए व्यापार युद्ध से निपटने के लिए कैबिनेट सदस्यों की बैठक के लिए ओटावा लौटने का निर्णय लिया।

# गाजा हुआ तबाह, 50 हजार से अधिक लोगों की हुई मौत, जंग फिर भी जारी



गाजा(ए)। हमास और इजरायल के बीच जारी जंग में अब तक 50 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। फिलिस्तीन का गाजा शहर पूरी तरह तबाह हो गया है। गाजा पर हमास का शासन है। इजरायली हमले में हमास के तमाम बड़े नेता और हजारों लड़ाके मौत की नींद सो चुके हैं। आम लोगों को भी बड़ी तबाही झेलनी पड़ी है। इस बीच अब गाजा की फिजा में चैन की बायर बहती दिख रही है। दरअसल, हमास-इजरायल के बीच जारी इस जंग से फिलिस्तीन की आम जनता भी बुरी तरह त्रस्त हो चुकी है। वह अब चैन चाहती है। ऐसे वह सड़कों पर उतर रही है। बुधवार को उत्तरी गाजा में बुरी तरह नष्ट हो चुके एक कस्बे में हजारों फिलिस्तीनियों ने जुलूस निकाला। यह युद्ध-विरोधी प्रदर्शनों का दूसरा दिन था। कई लोग हमास के खिलाफ नारे लगा रहे थे। यह इस चरमपंथी संगठन के खिलाफ आम लोगों का गुस्सा दिखाता है।

सवाल यह है कि आखिर फिलिस्तीन में आम लोग अब हमास के खिलाफ क्यों सड़कों पर उतर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि आम इंसान जंग से आजीज आ चुके हैं। कुछ ये भी कह रहे हैं कि यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस चेतावनी का भी असर हो सकता है जिसमें उन्होंने हमास-इजरायल जंग को खत्म करने के लिए फिलिस्तीनियों को कहीं और बसाने की बात कही थी। खैर इसका कारण जो भी, लेकिन आम फिलिस्तीनियों का सड़क पर उतरना गाजा और पूरे मध्य पूर्व में शांति की आहट का संकेत देता है।बुधवार को ज्यादातर प्रदर्शन गाजा के उत्तरी हिस्से में हुए। लोग 17 महीने से चल रही इजराइल के साथ जंग को खत्म करने की मांग कर रहे थे, जिसने गाजा में जिंदगी को बहुत मुश्किल बना दिया है। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने हमास की भी खुलकर आलोचना की, जिसका अब भी गाजा पर कब्जा है।

## हूती ठिकानों पर अमेरिका की बड़ी कार्रवाई, 40 से अधिक हवाई हमले किए

सना (ए.)। अमेरिकी सेना ने शुक्रवार तड़के यमन की राजधानी सना में हूती ठिकानों पर 40 से ज्यादा हवाई हमले किए।

हूती ग्रुप के अल-मसीरा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, इन हवाई हमलों में सना अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, कमांड कैंप, सरीफ क्षेत्र, सनहान क्षेत्र के जरबन स्थान और उत्तरी प्रांतों के कई अन्य इलाकों को निशाना बनाया गया। निवासियों के मुताबिक, मध्य साना में स्थित कमांड कैंप पर हुए हवाई हमलों से आसपास के आवासीय इलाकों में कई घरों, इमारतों और दुकानों को नुकसान पहुंचा।यह हमला हूती ग्रुप की ओर से गुरुवार दोपहर को मध्य इजराइल में बेन गुरियन एयरपोर्ट और तेल अवीव के दक्षिण में एक सैन्य ठिकाने पर दो बैलिस्टिक मिसाइल अटैक की जिम्मेदारी लेने के कुछ घंटों बाद हुआ।यह 15 मार्च को हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिकी एयर स्ट्राइक की नई श्रृंखला शुरू करने के बाद से सबसे तीव्र और सबसे बड़े संख्या वाले हवाई हमले थे। पिछले दो हफ्तों में अमेरिकी एयर स्ट्राइक में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। ये हमले हूती ग्रुप की उस धमकी के बाद किए गए जिसमें उसने कहा था कि अगर गाजा में मानवीय सहायता नहीं भेजी गई, तो वे इजरायली ठिकानों पर हमले फिर से शुरू कर देंगे।बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिकी हवाई हमले जारी रहेंगे।स्थानीय निवासियों ने बताया कि गुरुवार को भी अमेरिकी सेना ने यमन की हूती-नियंत्रित राजधानी सना पर कई हवाई हमले किए।अल-मसीरा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार तीन हवाई हमलों ने सना के दक्षिणी भाग में सानहान जिले के जरबान क्षेत्र को निशाना बनाया, दो हवाई हमले सना के उत्तर-पूर्व में बानी हुशैश जिले के अल-जुमाया क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए, साथ ही दो अन्य हवाई हमलों में सना के उत्तरी भाग में अल-दायलामी वायु सेना अड्डे को निशाना बनाया गया

# पंजाबियों में खौफ, बस से उतारकर 6 लोगों को सरेआम मारी गोलियां, राष्ट्रपति और पीएम ने जताया दुख

इस्लामाबाद (आरएनएस)। बलूचिस्तान के ग्वादर जिले के कलमट क्षेत्र में गुरुवार पंजाब प्रांत के छह मजदूरों की गोली मार कर हत्या कर दी गई। अज्ञात बंदूकधारियों ने मुख्य राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और पहचान पत्र की जांच करने के बाद मजदूरों को कराची जाने वाली यात्री बस से उतार दिया।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने यात्रियों की हत्या की कड़ी निंदा की। राष्ट्रपति जरदारी ने कहा, आतंकवादी बलूचिस्तान में देश के विकास और समृद्धि के दुश्मन हैं। वे बलूचिस्तान में प्रगति नहीं देख सकते। प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा, हम बदमाशों के राज्य विरोधी मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देंगे। रिपोर्ट के अनुसार, मजदूरों की पहचान की जांच करने के बाद उन्हें बस से उतार दिया गया फिर आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की कि पांच पीड़ित पंजाब के सादिकाबाद शहर के थे, जबकि एक मुल्तान का था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, पांच पीड़ितों की तत्काल मौत हो गई, जबकि एक ने बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हफीज बलूच ने बताया कि ग्वादर बंदरगाह से यूरिया लेकर आ रहे तीन ट्रकों को भी तजाबन इलाके में आग



लगा दी गई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि बलूचिस्तान के अन्य क्षेत्रों में भी रोड ब्लॉक पाए गए हैं, जो अधिक हमलों की योजना जैसा प्रतीत होता है। बलूच ने कहा, तुर्बत, पंजगुर और पसनी में सड़कें ब्लॉक कर दी गईं। बोलन, कोलपुर और मस्तुंग इलाकों में भी सड़कें अवरुद्ध की गईं। मस्तुंग इलाके में एक वाहन को आग लगा दी गई। यह पंजाब प्रांत के रहने वाले और बलूचिस्तान में काम करने वाले नागरिकों, श्रमिकों और मजदूरों पर किया गया नवीनतम लक्षित हमला है। यह घटना ऐसे समय में हुई जब इस महीने की शुरूआत में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकवादियों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन का अपहरण कर लिया था। इस घटना में 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 26 बंधकों की मौत हो गई थी, जबकि ट्रेन को खाली कराने के अभियान के दौरान पांच सुरक्षाकर्मी मारे गए थे।

बलूचिस्तान में पिछले कुछ समय से पंजाब प्रांत के नागरिकों को निशाना बनाकर हमला किया जा रहा है। आतंकवादी पंजाबी श्रमिकों और मजदूरों की पहचान के बाद यात्री बसों, कोयला खदानों और यहां तक कि दुकानों और अन्य स्थानों पर हमला कर रहे हैं। पिछले सप्ताह बलूचिस्तान के कलात जिले में अज्ञात हमलावरों ने पंजाब के कम से कम चार मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

पिछले महीने बरखान जिले में पंजाब जा रहे सात यात्रियों को बस से उतारकर गोली मार दी गई थी। अगस्त 2024 में बीएलए के उग्रवादियों ने पंजाब प्रांत के कम से कम 23 यात्रियों की हत्या कर दी थी। इन्हें पहचान के बाद बस से उतार दिया गया था और मुसाखाइल जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## खेल समाचार

# IPL में विराट कोहली को 21 करोड़ नहीं, सिर्फ 13 करोड़ मिलेंगे; जानें क्यों होगी 8 करोड़ की कटौती




नई दिल्ली (आरएनएस)। आईपीएल के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने इस सीजन के लिए 21 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। हालांकि, ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें वास्तव में लगभग 13 करोड़ रुपये ही मिलेंगे। यह सुनकर कई लोग हैरान हो सकते हैं कि आखिर उनकी सैलरी से 8 करोड़ रुपये से ज्यादा की कटौती क्यों हो रही है।दरअसल, इसके पीछे इनकम टैक्स एक्ट, 1961 के नियम हैं। इस कानून के तहत, आईपीएल से होने वाली कमाई को बिजनेस या प्रोफेशन से हुई आय माना जाता है। इसलिए, यह आय उच्चतम टैक्स स्लैब के अंतर्गत आती है। चूंकि विराट कोहली की सालाना आय 15 लाख रुपये से अधिक है, इसलिए उन्हें अपनी 21 करोड़ रुपये की सैलरी पर 30 प्रतिशत आयकर देना होगा, जो कि 6.3 करोड़ रुपये होता है।इतना ही नहीं, जिनकी आय 5 करोड़ रुपये से अधिक होती है, उन्हें टैक्स के अलावा 25 प्रतिशत सरचार्ज भी देना पड़ता है। इस नियम के अनुसार, कोहली की सैलरी से 1.575 करोड़ रुपये और कट जाएंगे। इसके अतिरिक्त, कुल टैक्स पर 4 प्रतिशत सेस भी लगाया जाता है, जिसके तौर पर उन्हें लगभग 31 लाख रुपये और देने होंगे। इस तरह, विराट कोहली की सैलरी से कुल मिलाकर लगभग 8.185 करोड़ रुपये टैक्स के रूप में कट जाएंगे और उन्हें लगभग 12.815 करोड़ रुपये (यानी लगभग 13 करोड़ रुपये) ही प्राप्त होंगे।विराट कोहली ने 2008 में आईपीएल में अपना करियर शुरू किया था, तब उनकी सैलरी केवल 12 लाख रुपये थी। 2011 में यह बढ़कर 8.28 करोड़ रुपये हो गई। 2014 से 2017 तक उन्हें 12 करोड़ रुपये मिले, जबकि 2018 से 2021 तक उनकी सैलरी 17 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। 2022 से 2024 तक उन्हें 15 करोड़ रुपये मिले और अब उनकी सैलरी 21 करोड़ रुपये है, जिस पर भारी टैक्स कटौती लागू होती है।

## रोहित शर्मा ने टीम इंडिया में खेलने से किया मना!

नई दिल्ली (आरएनएस)। रोहित शर्मा को लेकर इस समय बड़ी खबर सामने आ रही है। एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि रोहित शर्मा टीम इंडिया की अगली टेस्ट सीरीज में नहीं खेलेंगे। उन्होंने खुद अपना नाम देने से इनकार कर दिया है।आईपीएल 2025 के बाद भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां वो पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। रिपोर्ट में दावा है कि रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में खराब प्रदर्शन की वजह से इंग्लैंड नहीं जाना चाहते। रिपोर्ट्स में भले ही ऐसे दावे किए जा रहे हों कि रोहित इंग्लैंड नहीं जाएंगे लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की गई है। रोहित के मामले में कई दावे पहले भी गलत साबित हुए हैं।रोहित शर्मा ने सिडनी टेस्ट में भी खुद को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा था और जसप्रीत बुमराह ने टीम की कमान संभाली थी। वहीं, विराट कोहली के टेस्ट टीम में बने रहने की संभावना ज्यादा है। हालांकि, भारत के हालिया लंबे टेस्ट सीजन में कोहली और रोहित दोनों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। कोहली ने 19 पारियों में केवल 382 रन बनाए, जिसमें उनका औसत महज 22.47 रहा और उनके नाम केवल एक शतक और एक अर्धशतक दर्ज है। वहीं, रोहित शर्मा ने 15 पारियों में सिर्फ 164 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 10.93 रहा और केवल एक अर्धशतक ही उनके बल्ले से निकला।

## 27 करोड़ का तो लिहाज कर लेते खराब प्रदर्शन के बाद ऋषभ पंत जमकर हो रहे हैं ट्रोल

### सोशल मीडिया पर फूटा फैंस का गुस्सा

नईदिल्ली, (आरएनएस)। आईपीएल 2025 ऋषभ पंत के लिए अच्छा नहीं रहा है. अब तक उन्होंने दो मैच खेले हैं. इस दौरान उनका बल्ला रन बनाने में नाकाम रहा. दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मैच में उनका खाता भी नहीं खुला. वहीं बीते दिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ भी पंत संघर्ष करते नजर आए. 27 वर्षीय खिलाड़ी अपनी फीस के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं. सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया जा रहा है.



27 मार्च को हैदराबाद में लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद आमने सामने थी. राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में यह मुकाबला खेला गया. लखनऊ की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी. कप्तान ऋषभ पंत इस मैच में ज्यादा कुछ नहीं कर सके. बाएं हाथ के बल्लेबाज 15 गेंदों में 15 रन बनाकर चलते बने. उनकी पारी में एक चौका शामिल रहा. हर्षल पटेल ने मोहम्मद शमी के हाथों कैच करवाकर उन्हें पवेलियन भेजा.

इससे पहले, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मैच में भी ऋषभ पंत का यही हाल रहा. 24 मार्च को हुए मुकाबले में पंत शून्य के स्कोर पर ढेर हो गए. लखनऊ के कैप्टन ने अपनी पारी के दौरान 6 गेंदों का सामना किया. हालांकि, इन 6 गेंदों में वह एक भी रन नहीं बना सके. अब तक खेले गए दो मैचों को मिलाकर विकेटकीपर बैटर के नाम कुल 15 रन दर्ज है. आने वाले मैचों में उनकी टीम को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी. आईपीएल 2025 को लेकर हुए मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत 27 करोड़ में बिके. लखनऊ सुपर जायंट्स ने रिकॉर्ड बोली लगाकर 27 वर्षीय धुरंधर को अपनी टीम में शामिल किया. इसके साथ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे क्रिकेटर भी बने. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क को पछाड़ा. पिछले सीजन में कोलकाता नाईट राइडर्स ने घातक तेज गेंदबाज को 24.75 करोड़ में खरीदा था.

# आईपीएल में आज होगा गुजरात टाइटंस और मुम्बई इंडियंस का मुकाबला




अहमदाबाद (ए)। आईपीएल के 18 वें सत्र में शनिवार को यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेंगी। दोनो ही टीमों को अपने शुरुआती मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में से मुंबई टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या वापसी करेंगे। हार्दिक प्रतिबंध के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल पाये थे। उसमें उनकी जगह पर सूर्यकुमार यादव ने कप्तान की थी। वहीं अपने घरेलू मैदान पर खेलने जा रही शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस को पहले मैच में पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। मुंबई इंडियंस को पहले मैच के बाद एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वह तरोताज होकर गुजरात के खिलाफ उतरेगी। इस बार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के रहीं होने से मुम्बई की गेंदबाजी कमजोर नजर आयी है। इस मैच से हार्दिक के होने से टीम को एक तेज गेंदबाज भी मिल जाएगा। हार्दिक अभी भारत के सबसे अच्छे ऑलराउंडर हैं और उनके होने से मुम्बई को फायदा होना तय है। ऐसे में वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है। वह गेंद और बल्ले दोनों में किसी एक से भी मैच पर बड़ा प्रभाव डालने की क्षमता रखते है। टीम को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच खेलना है जिसका विकेट बल्लेबाजों के अनुरुप माना जाता है। इस मैदान पर पिछले दोनो ही मैचों में 200 से अधिक रन बने थे।हार्दिक के होने से इस मैच में मुम्बई का पलड़ा भारी नजर आता है। ऐसे में गुजरात के गेंदबाजों को उनपर अंकुश लगाना होगा। इस पिच पर कलाई के स्पिनर विग्नेश पुथुर का सामना करना गुजरात के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा।गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन गिल के अलावा, साई सुदर्शन , ग्लेन फिलिप्स आदि पर निर्भर करेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों के पास रहेगी।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं : गुजरात टाइटंस: जोस बटलर, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, शाहरुख खान, वॉशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, इशांत शर्मा, जयंत यादव, महिपाल लोमरोर, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया, अनुज रावत, गेराल्ड कोएट्जी, शेरफेन रदरफोर्ड, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, अरशद खान, गुरनूर बरार, निशांत सिंधु। मुंबई इंडियंस: हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

## ईशान के आउट होते ही मायूस हुई काव्या

नई दिल्ली (ए)। सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन आईपीएल के दूसरे ही मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। इस मैच में ईशान के आउट होते ही टीम की मालकिन काव्या मारन मायूस नजर आयीं। काव्या को पहले मैच की तरह इस मैच में भी ईशान से आक्रामक पारी की उम्मीद थी पर वह शार्दुल ठाकुर का शिकार बन गये। काव्या दूसरे मैच में भी अपनी टीम का हौंसला बढ़ाने के लिए दर्शकों के बीच बैठीं थी।शार्दुल ने तीसरे ओवर की पहली गेंद पर सलामी बल्लेबातज अभिषेक शर्मा को आउट किया। इसके बाद दूसरी गेंद पर ईशान किशन को शिकार बनाया। ईशान ने पहले मैच में शतक लगाया था। ईशान किशन को 2024 में मेगा नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस ने रिलीज़ कर दिया था।



## आईपीएल 2025: ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे निकले निकोलस पूरन

### -दो मैच में जड़े 12 चौके और 13 छक्के

नईदिल्ली, (आरएनएस)। लखनऊ सुपर जायंट्स के हिटिंग मशीन निकोलस पूरन ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे निकल गए हैं। पूरन ने अब तक लखनऊ की ओर से दो मैच खेले और दोनों मैच में ही उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोधी पक्ष के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की।

गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद के सामने उन्होंने महज 26 गेंदों में ताबड़तोड़ 70 रनों की पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पूरन ने पारी के दौरान 6 चौके और 6 गगनचुंबी छक्के लगाए। टूर्नामेंट में अब तक खेले गए दो मैचों में पूरन ने 12 चौके और 13 छक्कों की मदद से 145 रन बनाए हैं और इसी के साथ ही वह ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर हैं। उनके बाद मिशेल मार्श हैं, जो 2 मैचों में 124 रन बनाकर दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। मार्श टूर्नामेंट में अब तक 13 चौके और 8 छक्के लगा चुके हैं।ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड हैं, जिन्होंने अब तक खेले गए दो मैचों में 114 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट में अब तक 14 चौके और 6 छक्के भी जड़ चुके हैं।

देखा जाए तो ऑरेंज कैप की रेस में सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान किशन कुछ वक्त पहले तक सबसे आगे चल रहे थे। उनके नाम पहले मैच में 106 रन थे।

# समेरिटंस विद्यालय माखन नगर का 8वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत







नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा शुक्रवार को घोषित कक्षा 8 वीं के परीक्षा परिणाम में समेरिटंस समूह के माखननगर, माता महाकाली जुमेराती और सोहागपुर विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। समूह के आञ्जनेय परिसर माखननगर की प्राचार्य के अनुसार कक्षा 8 वीं में कुल 53 विद्यार्थी शामिल हुए।

उनमें से शानवी वर्मा 96 प्रतिशत के साथ प्रथम, 92.83 प्रतिशत के साथ मानसी यादव द्वितीय, 92.5 प्रतिशत के साथ नमन चौरे तृतीय रही।

विद्यालय के 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक 25 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक और 19 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

इसी प्रकार कक्षा पांचवीं का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल 49 विद्यार्थी शामिल हुए और सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। विद्यालय के ऐश्वर्य खंडेलवाल 89.75, अवनी दुबे 89.25 माही शर्मा 88.5 मेघा यादव वैष्णवी 86 प्रतिशत अंक अर्जित कर अव्वल रहे।

### जुमेराती विद्यालय के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण

इसी प्रकार माता महाकाली परिसर जुमेराती समेरिटंस के कक्षा 8 वीं और 5 वीं के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। कक्षा आठवीं में अनुष्का राजपूत ने 92 प्रतिशत राघव कांसकार ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित किए जबकि कक्षा 5 वीं में शिवाय शुक्ला ने 85 प्रतिशत और अलवीरा खान ने 84 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

इस वर्ष कक्षा आठवीं में 34 और पांचवीं में 36 विद्यार्थी शामिल हुए और सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के शानदार परिणामों पर डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा ने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

## वन भूमि पर संगठित अवैध कटाई अतिक्रमण उत्खनन परिवहन को संयुक्त प्रयासों से विफल किया जाए : कमिश्नर श्री तिवारी

*संयुक्त गश्त कर विद्युत लाइनें को ट्रेपिंग से रोके ताकि वन्य प्राणियों को विद्युत करंट से बचाया जा सके आदतन वन एवं वन्य प्राणियों के अपराधियों की सूची साझा की जाए*



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में वन विभाग की संभाग स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने वन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संयुक्त रूप से वन भूमि पर संगठित अवैध वृक्ष कटाई, वन भूमि पर अतिक्रमण, अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले लोगों को संयुक्त प्रयास से उनके मंसूबे विफल करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की वन क्षेत्र में अवैध कटाई अवैध उत्खनन एवं वन भूमि पर यदि कोई अतिक्रमण कर रहा है तो उसकी प्रभावी रोकथाम की जाए। राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग इसमें अपना सहयोग देते हुए ऐसे प्रयासों को सख्ती से रोके। कमिश्नर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वह वन विभाग के साथ वन क्षेत्र में संयुक्त रूप से गश्त कर विद्युत लाइनों को ट्रिपिंग से रोके एवं विद्युत लाइनों का रखरखाव समुचित रूप से करें। कमिश्नर ने कहा कि विद्युत लाइन के ट्रिपिंग को रोके ताकि वन्य एवं वन्य प्राणियों को विद्युत करंट से बचाया जा सके। कमिश्नर ने कहा कि विद्युत विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी वन विभाग के साथ संयुक्त गश्त कर वन अपराधियों द्वारा विद्युत लाइन से करंट लगाकर की जा रही अवैध शिकार गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए एवं विद्युत की अनियमित ट्रिपिंग होने पर इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों के साथ तत्काल साझा करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि आपसी समन्वय स्थापित कर अवैध शिकार गतिविधियों को प्राथमिकता से विफल किया जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम वन मंडल एवं हरदा तथा सामान्य वन मंडल उत्तर दक्षिण एवं पश्चिम बैतूल में आदतन वन एवं वन्य प्राणियों के अपराधियों के नामों की सूची बनाकर आपस में साझा किया जाए। सूची पुलिस विभाग को भी दी जाए। वन संरक्षक अशोक कुमार ने बताया कि मालिक मकबूजा प्रकरणों में वृक्षों की कटाई हेतु खसरे के मालिकाना हक एवं स्वामित्व की पुष्टि ग्राम पंचायत के सरपंचों द्वारा की जाती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए राजस्व एवं वन विभाग की अनापत्ति भी आवश्यक होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कई बार सरपंच वन भूमि एवं खसरे के मालिक की भूमि पर स्थित वृक्षों में फर्क नहीं समझ पाते हैं इसके लिए सभी सरपंचों का प्रशिक्षण कराया जाना उचित रहेगा।वन संरक्षक ने बताया कि सोहागपुर वन क्षेत्र में वन भूमि पर कतिपय लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। उन्होंने बताया कि हर्बल पार्क की स्थिति में अब सुधार हुआ है। पूर्व में यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता था लेकिन पुलिस द्वारा कार्रवाई करने के पश्चात हर्बल पार्क घूमने लायक हो चुका है। और लोग आकर्षित होकर यहां सैर करने के लिए आ रहे हैं। वन मंडल अधिकारी द्वारा भी हर्बल पार्क की एप्रोच रोड को ठीक किया गया है।

## भारत रत्न अटल जी की जन्म शताब्दी पर काव्यांजलि और सम्मान समारोह

नर्मदापुरम (निप्र)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्नए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में काव्यांजलि एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 29 मार्च 2025, शनिवार को दोपहर 12.30 बजे जिला भाजपा कार्यालय नर्मदापुरम में आयोजित होगा। जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रसन्न हर्णे ने बताया कि कार्यक्रम में कवि एवं साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से अटल जी के विचार, व्यक्तित्व और राष्ट्र सेवा को काव्यांजलि अर्पित करेंगे। इसके साथ ही जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं सम्माननीय नागरिकों का भी विशेष सम्मान किया जाएगा जिन्होंने संगठन में रहते हुए अटल जी के साथ कार्य किया है या कभी उनसे भेंट की थी। कार्यक्रम में संभाग प्रभारी पंकज जोशी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, जिले के विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ठाकुर विजयपाल सिंह प्रेमशंकर वर्मा ठाकुरदास नागवंशी पूर्व जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## अभा कवि सम्मेलन आज

नर्मदापुरम (निप्र)।। नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम व्दारा 20 वर्षों की भाँति इस वर्ष भी नवसंवत्सर गुडीपड़वा की पूर्व संध्या पर अखिल कवि सम्मेलन का आयोजन 29 मार्च को रात्रि 9 बजे से सेठानी घाट पर किया जा रहा है। जिसमें कविगण सुरेन्द्र यादवेंद्र राजस्थान,कौशल सक्सेना रायसेन, दिनेश याज्ञनिक देवनगर, कुमार नीतेश नैश भोपाल, मनोज चौहान उत्तर प्रदेश,भुवन सिंह धांसू छिंदवाड़ा, राजेश लोटपोट झालावाड़, जयकृष्ण चांडक हरदा, दीपक साहू मुलताई, विनोद विद्रोही नागपुर, डॉ. प्रतीभा पटैल जबलपुर, सुनीता पटैल भोपाल अपनी प्रस्तुति देंगे। नर्मदांचल क्षेत्र के सभी साहित्य प्रेमी सादर आंमत्रित है।

## शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी समिति की बैठक में सम्मिलित हुए सांसद

### युवाओं की भागीदारी से बढ़ेगी देश के विकास की गति : सांसद दर्शन सिंह

नर्मदापुरम। नई दिल्ली(निप्र)। संसद भवन स्थित संसदीय सौंध में शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी सम्मिलित हुए। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बताया कि बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की अनुदान मांगों 2025.26 से संबंधित प्रारूप 365वें प्रतिवेदन को विचार कर स्वीकार किया गया। महिला और बाल विकास के क्षेत्र में प्रभावी नीतियों और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए यह चर्चा महत्वपूर्ण रही। हमारा संकल्प है कि नारी सशक्तिकरण बाल कल्याण और युवा विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं ताकि सबका साथ सबका विकास की भावना को साकार किया जा सके। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उनकी भागीदारी से विकास की गति बढ़ती है। युवाओं को शिक्षा कौशल विकास रोजगार और सामाजिक गतिविधियों में शामिल करके उनका विकास करना। युवाओं की रचनात्मक और सृजनात्मक ऊर्जा का ईष्टतम उपयोग करने के लिए योजना बनाई जा रही है।

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे "स्कूल चले हम अभियान" का शुभारंभ

### जिला स्तरीय एवं शाला स्तरीय कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की होगी सहभागिता नर्मदापुरम जिले की शासकीय शालाओं में भी 01 अप्रैल को मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव



नर्मदापुरम (निप्र)। प्रदेश में शिक्षा को प्रोत्साहित करने एवं शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने हेतु स्कूल चले हम अभियान का आयोजन 01 अप्रैल से 04 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। इस अभियान के तहत शासकीय विद्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ा जा सके। 01 अप्रैल को मनाये जाने वाले प्रवेशोत्सव के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान नए विद्यार्थियों का स्वागत, नामांकन कार्यक्रम और शैक्षणिक किट वितरण जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।प्रदेश के सभी विद्यालयों में इस अभियान के तहत विभिन्न दिवसों पर अलग-अलग कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है, जिससे शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े और हर बच्चा स्कूल तक पहुंचे। नर्मदापुरम जिले में भी इस अवसर पर जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले की शालाओं में सांसदगण, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

**प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियां**

निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण: अतिथियों द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें वितरित की जाएंगी।

बच्चों का नामांकन एवं स्वागत: ग्राम/बसाहट में चिन्हित शाला से बाहर रहे बच्चों का नामांकन किया जाएगा एवं उनके अभिभावकों का विशेष स्वागत होगा।बाल सभा का आयोजन: कक्षा 1 से 8 तक की सभी शालाओं में बाल सभा आयोजित होगी, जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।विशेष भोज का आयोजन: प्रवेशोत्सव के अवसर पर सभी शालाओं में विद्यार्थियों के लिए विशेष भोज की व्यवस्था की जाएगी। स्कूल चले अभियान के तहत 02 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें सांसदगण, विधायकगण एवं जनप्रतिनिधि, एवं समाज के प्रबुद्ध लोग विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रेरित करेंगे।

## राष्ट्रकवि भवानी प्रसाद मिश्र की जयंती पर आज काव्य गोष्ठी



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदांचल पत्रकार संघ के द्वारा पत्रकार प्रशांत दुबे पत्रकार भवन में गांधीवादी चेनता के प्रवर्तक स्वतंतत्रा संग्राम के अमर सेनानी राष्ट्रकवि भवानी प्रसाद मिश्र की 112 वी जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इस मौके पर एक काव्यगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शहर के पत्रकार व कविगण हिस्सा लेंगे।

## एससी/एसटी अत्याचार निवारण नियम 1995 के तहत उपखंड स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक संपन्न



नर्मदापुरम (निप्र)। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के तहत उपखंड स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सोहागपुर अनिल जैन ने की, जिसमें सीईओ जनपद एवं एसडीओपी सोहागपुर भी उपस्थित रहे।बैठक में अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने एवं अत्याचार की रोकथाम हेतु उठाए जाने वाले कदमों की समीक्षा की गई। साथ ही, समिति ने प्रभावित व्यक्तियों को दी जाने वाली सहायता, पुनर्वास योजनाओं एवं सतर्कता समिति की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।


**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM (MP)**

cmohoshangabad@mpurban.gov.in

NIT No/2338/E-Tendering/NPN/2025 Narmadapuram Date 27/03/2025

**//Notice Inviting Tenders//**

($1^{st}$ Call)

Online Percentage rate bids for the following works are invited from Centralized registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria-

| SL No. | Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Deposit | Cost of Bid Document | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_411916_1 | CC ROAD RENOVATION WORK AT WARD NO 20 SANTOSH VISHVAKARMA HOUSE TO MEN ROAD MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 836784/- | 8400/- | 2000/- | 01 Months (with rainy season) |
| 2. | 2025_UAD_411918_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT WARD NO 20 MANSINGH MASTER TO SURESH PATEL HOUSE MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 203876/- | 2100/- | 2000/- | 01 Months (with rainy season) |
| 3. | 2025_UAD_411921_1 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN AT WARD NO 17 NARAYAN NAGAR BACK SIDE OF CHOURE MASSAB TO PARASHAR HOUSE TO NALA MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 691463/- | 7000/- | 2000/- | 01 Months (with rainy season) |
| 4. | 2025_UAD_411923_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT WARD NO 16 ANNAPURNA COLONY ASHOK DUBEY TO RAMGOPAL TO MANOHAR HOUSE MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 991680/- | 9950/- | 2000/- | 01 Months (with rainy season) |
| 5. | 2025_UAD_411926_1 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN AT WARD NO 14 RAIKWAAR TO PATWARI JI HOUSE MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 181253/- | 3650/- | 1000/- | 01 Months (with rainy season) |
| 6. | 2025_UAD_411928_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT WARD NO 14 DINESH PARASHAR TO LAXMI BRONIYA HOUSE MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 799593/- | 8000/- | 2000/- | 01 Months (with rainy season) |

The Bid Document can be Download only online from 25/03/2025 (10.00) to 11/04/2025 (17.30) hour for more Information:- https://mptenders.gov.in

**Chief Municipal Officer**
**Municipal Council Narmadapuram**


# आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में हुआ परिवर्तन

### प्रात: 09 बजे से शाम 04 बजे तक किया गया समय निर्धारित

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। नवीन आदेश के अनुसार, अब आंगनबाड़ी केंद्र प्रात: 09:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक संचालित किए जाएंगे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नर्मदापुरम ललित डेहरिया ने बताया कि संशोधित समय सारणी के अनुसार प्रात: 09 बजे से आंगनवाड़ी खोलना तथा बच्चों का स्वागत करना, निर्मल समय बच्चों की साफ-सफाई का अवलोकन तथा आवश्यकतानुसार बच्चों की व्यक्तिगत साफ-सफाई गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार प्रात: 9:30 बजे से 10:00 तक सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, प्रात: 10:00 बजे से 10:30 बजे तक बच्चों को नाश्ता दिया जाएगा, प्रात: 10:30 बजे से 11:00 बजे तक बच्चों के द्वारा स्वतंत्र खेल, प्रात: 11:00 बजे से 11:30 बजे तक छोटे समूह की गतिविधियों का आयोजन, प्रात: 11:30 बजे से 12:00 बजे तक भाषा एवं साक्षरता पूर्व कौशल गतिविधियों का आयोजन, दोपहर 12:00 बजे से 12:30 बजे तक रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन, दोपहर 12:30 बजे से 01:00 बजे तक बाहरी खेल गतिविधियों का आयोजन, दोपहर 01:00 बजे से 02:00 बजे तक भोजन एवं बच्चों को उनके गंतव्य (अभिभावको) तक पहुंचाया जाएगा। इसी प्रकार दोपहर 02:00 बजे से 03:30 बजे तक थर्ड मील-रोजाना, पूरक पोषण आहार, पोषण परामर्श-नियत दिवस, मंगल दिवस-नियत दिवस, वृद्धि निगरानी-नियत दिवस, सबला/किशोरी बालिका योजनांतर्गत परामर्श-नियत दिवस, गृह भेंट-नियत दिवस आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार उक्त संशोधित समय सारणी आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। सभी संबंधित अधिकारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया हैं।

## अवकाश के दौरान भी खुले रहेंगे बिजली बिल भुगतान केंद्र

नर्मदापुरम (निप्र)। म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. संचा./ संधा. संभाग नर्मदापुरम क्षेत्रांतर्गत बिजली कैश काउंटर 29 मार्च, 30 मार्च और 31 मार्च, को अवकाश के दिन भी बिल भुगतान केंद्र खुले रहेंगे। उप महाप्रबंधक ( सं/सं) म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. नर्मदापुरम ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग अंतर्गत वितरण केंद्र नर्मदापुरम (शहर) जोन-1. नर्मदापुरम (शहर)जोन-2. नर्मदापुरम (ग्रामीण), डोलरिया, बाघवाड़ा, सिवनी मालवा (ग्रामीण), सिवनी मालवा (शहर) और शिवपुर के बिल भुगतान केंद्र सामान्य कार्य दिवस की तरह संचालित होंगे। विद्युत उपभोक्ता वितरण केन्द्र कार्यालय में पी.ओ.एस.एस. मशीन से नगत के माध्यम से या ऑनलाइन माध्यम से बिल का भुगतान कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com